डाक पंजीयन नं. 99/2021—23

E-mail:-aadhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



PG,5

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG,8

सिनेमाः मलाइका अरोड़ा ने मनाया डॉगी 'कैस्पर'

वर्ष -07 अंक -343 | प्रयागराज, शुक्रवार 18 फरवरी, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### हिजाब विवाद के बीच हुबली-धारवाड़ में तत्काल प्रभाव से धारा 144 लागू, पुलिस ने बताई ये वजह


**हुबली।** कर्नाटक में हिजाब पर हंगामा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हिजाब विवाद के बीच कर्नाटक के हुबली-धारवाड़ में पुलिस ने तत्काल प्रभाव से सीआरपीसी की धारा 144 लागू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने हुबली-धारवाड़ में सभी शैक्षणिक संस्थानों के 200 मीटर के दायरे में 28 फरवरी तक यह आदेश लागू करने का आदेश दिया है। पुलिस आयुक्त लाभू राम ने आदेश में कहा कि 1973 की धारा 144(1) सीआरपीसी के तहत हुबली-धारवाड़ में सभी शैक्षणिक संस्थानों के 200 मीटर के दायरे में 28 फरवरी तक ये आदेश लागू किया जाता है। साथ ही यहां किसी भी प्रकार के आंदोलन और प्रदर्शन को प्रतिबंधित किया जाता है। पुलिस आयुक्त के मुताबिक, हुबली-धारवाड़ में सभी शैक्षणिक संस्थानों के 200 मीटर के दायरे में 28 फरवरी तक यह आदेश लागू करने का आदेश दिया है। अगर कोई भी आदेश का उल्लंघन करता है, तो भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 188 के प्रावधानों के तहत खुद ही उत्तरदायी होगा। आदेश में कहा गया है कि यदि कोई इस आदेश से प्रतिकूल रूप से प्रभावित होता है, तो वह क्रमशः इस कार्यालय या कर्नाटक सरकार को धारा 144(5) और 144(6) के तहत इस आदेश को संशोधित या रद्द करने के लिए अपील दायर कर सकता है।

### अज्ञात योगी के इशारों पर काम करने वाली की पूर्व सीईओ चित्रा रामकृष्णा फंसी

**नई दिल्ली।** अज्ञात योगी के कहे पर फैसले करने वाली नेशनल स्टाक एक्सचेंज की पूर्व सीईओ चित्रा रामकृष्णा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। चित्रा रामकृष्णा के मुंबई स्थित घर पर इनकम टैक्स का छापा पड़ा है। आयकर विभाग की टीम उनके घर की तलाशी ले रही है। सेबी समूह संचालन अधिकारी और प्रबंध निदेशक के सलाहकार के रूप में आनंद सुब्रमण्यम की नियुक्ति से अनुबंध नियमों में कथित उल्लंघन में उनकी भूमिका की जांच कर रहा है। वहीं तत्कालीन रुप आपरेटिंग आफिसर आनंद सुब्रमण्यम के परिसरों में भी रेड चल रही है।


## मनमोहन सिंह का भाजपा पर बड़ा हमला, बोले- बिन बुलाए बिरयानी खाने से नहीं सुधरते रिश्ते

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के बीच देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। गुरुवार को एक वीडियो संदेश जारी कर मनमोहन सिंह ने भाजपा को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कोरोना संक्रमण, महंगाई और चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। मनमोहन सिंह ने कहा कि देश की जनता कांग्रेस के अच्छे कामों को याद कर रही है। भाजपा ने पीएम मोदी के सुरक्षा के मुद्दे पर पंजाब के मुख्यमंत्री और जनता का अपमान किया है। मनमोहन सिंह ने आगे कहा कि देश में अमीर और अमीर होता जा रहा है जबकि गरीब लोग और गरीब हो रहे हैं। मनमोहन ने आगे कहा कि भाजपा की सरकार को आर्थिक नीति की कोई समझ नहीं है। कोरोना के दौरान केंद्र सरकार की खराब नीतियों के कारण लोग आर्थिकता, बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई से परेशान हैं। सात साल से ज्यादा साल सरकार चलाने के बाद सरकार अपनी गलती मानने और सुधार करने की बजाए पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को जिम्मेदार ठहराने पर लगी है। मामला देश तक सीमित नहीं है। यह सरकार विदेश नीति पर भी विफल रही है। चीन हमारी सीमा पर बैठा है और इस मुद्दे को दबाने की कोशिश की जा रही है। मनमोहन सिंह ने ये भी कहा कि बिन बुलाए बिरयानी खाने और नेताओं को गले लगाने से रिश्ते नहीं सुधरते हैं। इस सरकार का नकली राष्ट्रवाद जितना खोखला है, उतना ही खतरनाक है। इनका राष्ट्रवाद अंग्रेजों की बांटों और राज करो की नीति पर टिका है। संवैधानिक संस्थाओं को लगातार कमजोर किया जा रहा है।



## कई महिला सैन्य अधिकारियों को रिटायरमेंट के एक साल बाद भी नहीं मिली पेंशन

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की शार्ट सर्विस कमीशन वाली की करीब 15 महिला अधिकारियों को 20 साल से अधिक की सेवा के बाद रिटायर के करीब एक साल बाद भी पेंशन नहीं मिली है। फरवरी 2020 में सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बावजूद इन महिला अधिकारियों को पेंशन नहीं मिली है। कोर्ट ने इन महिला अधिकारियों को पेंशन लाभ देने का मार्ग प्रशस्त किया था। इस संबंध में रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस मुद्दे को सुलझा लिया गया है। महिला अधिकारियों को जल्द ही पेंशन मिल जाएगी। कोर्ट ने 20 साल के सेवा कार्यकाल वाली महिला अधिकारियों को पेंशन लाभ देने का रास्ता साफ किया था। इस बारे में पूछे जाने पर रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस मुद्दे को सुलझा लिया गया है और पूर्व महिला अधिकारियों को जल्द ही पेंशन मिल जाएगी। डीईएसडब्लूयू ने अदालत के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि 20 साल से अधिक की सेवा वाली एसएससी महिला अधिकारी पेंशन लाभ के लिए पात्र हैं। डीईएसडब्लूयू ने पत्र में कहा है, 'सीजीडीए से अनुरोध है कि कृपया मामले पर गौर करें और न्यायालय के आदेशों का पालन करें तथा उन सभी पात्र महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों को पेंशन लाभ प्रदान किया जा सकता है जो न्यायालय के आदेश के दायरे में आती हैं।



## मार्क जुकरबर्ग ने Metavere के बाद दिया नया नाम

**नई दिल्ली।** मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कुछ वक्त पहले फेसबुक का नाम बदलकर मेटा कर दिया था। वहीं अब मार्क जुकरबर्ग ने एक नया नाम मेटामेट्स पेश किया है। मार्क जुकरबर्ग ने अपने कर्मचारियों के लिए फेसबुक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में जुकरबर्ग ने अपने कर्मचारियों के लिए मेटामेट्स नाम दिया है। मार्क जुकरबर्ग ने कहा उनकी कंपनी को मेटा और कर्मचारियों को मेटामेट्स के नाम से जाना जाए। हालांकि यह पहला मौका नहीं है, जब किसी कंपनी ने अपने कर्मचारियों के लिए नया नाम दिया है। इससे पहले उदुत अपने कर्मचारियों को उददुते नाम दे चुकी है। जबकि कर्मचारियों को के नाम से जाना जाता है। कंपनी ने अपनी कंपनी और कर्मचारियों के लिए टैगलाइन का इस्तेमाल किया। जुकरबर्ग ने बताया कि पिछले साल हमने कंपनी को नया नाम मेटा दिया, जो हमारे फ्यूचर का विजन है। जुकरबर्ग के मुताबिक साल 2007 में कंपनी वैल्यू को लिखा गया था. जिसे मौजूदा कल्चर और ऑपरेटिंग सिस्टम के हिसाब से अपडेट किया जा रहा है।



## मोदी सरकार ने भारत-यूक्रेन के बीच उड़ानों से हटाया प्रतिबंध, कीव में फंसे हैं हजारों भारतीय

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों और लोगों को वहां से निकालने के लिए बड़ा फैसला लिया है। उड्डयन मंत्रालय ने भारत और यूक्रेन के बीच उड़ानों और सीटों की संख्या पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है। एएनआइ के अनुसार, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भारतीय एयरलाइंस को उड़ानों की संख्या बढ़ाने के लिए कहा है। जिसके बाद यूक्रेन में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापस निकाला जा सकेगा।नागरिक उड्डयन मंत्रालय, यूक्रेन में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापस लाए जाने को लेकर विदेश मंत्रालय के साथ समन्वय स्थापित कर रहा है। आपको बता दें कि भारत-यूक्रेन के देशों के बीच नागरिक उड्डयन अधिकारियों और विभिन्न एयरलाइनों के बीच इस बात को लेकर चर्चा चल रही थी कि उड़ानों की संख्या कैसे बढ़ाई जाए। जिसके बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भारत और यूक्रेन के बीच उड़ानों और सीटों की संख्या पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है। गौरतलब है कि, कीव स्थित भारतीय दूतावास ने रूस और यूक्रेन तनाव के बीच युद्ध की आशंका के बीच भारतीय छात्रों को जल्द से जल्द भारत चले जाने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा कि वे घबराएं नहीं, लेकिन भारत यात्रा के लिए जल्द से जल्द उपलब्ध और सुविधाजनक उड़ान में टिकट बुक करा लें। दूतावास ने यह भी कहा है कि उड़ानों की अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं।



## संसदीय समिति ने यूक्रेन में फंसे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच बने युद्ध के हालात ने भारत की चिंताएं भी बढ़ा दी है। यूक्रेन में रहने वाले भारतीय छात्रों के परिवार ने उनकी सुरक्षा को लेकर मोदी सरकार से मदद की गुहार लगाई है। इसी बीच परिवहन, पर्यटन, और संस्कृति संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने यूक्रेन में रहने वाले छात्रों सहित भारतीयों के लिए गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि उनकी सुरक्षित वापसी को प्राथमिकता दी जाए। हाल ही में भारतीय दूतावास द्वारा एक एडवाइजरी जारी की गई थी। जिसमें कहा गया है कि यूक्रेन में रह रहे भारतीय नागरिक, खासतौर से छात्र जिनका रुकना जरूरी नहीं है, वे अस्थायी रूप से निकलने पर विचार कर सकते हैं। भारतीय नागरिकों को यूक्रेन और यूक्रेन के अंदर गैर जरूरी यात्रा से बचने की सलाह भी दी जाती है। दरअसल, बुधवार को समिति के एक सदस्य ने बैठक में यूक्रेन का मुद्दा उठाया। उन्होंने समिति के अध्यक्ष के सामने यूक्रेन से भारतीयों की सुरक्षित वापसी के मुद्दे को संबंधित मंत्रालयों के समक्ष उठाने का आग्रह किया।

## केंद्र ने ओ आर ओपी का बढ़ा-चढ़ाकर किया बखान, पेश की गुलाबी तस्वीर- सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि 'समान रैंक समान पेंशन' नीति का केंद्र द्वारा बढ़ा चढ़ाकर बखान किया गया और सशस्त्र बलों के पेंशनभोगियों को वास्तव में दिए गए लाभ की तुलना में कहीं अधिक 'गुलाबी तस्वीर' पेश की गई है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस विक्रम नाथ की पीठ ने केंद्र से यह बताने को कहा है कि सशस्त्र बलों में कितने कमिर्यों को 'मोडिफाइड एश्योर्ड करियर प्रोगेशन मिला है, कितने कर्मी एश्योर्ड करियर प्रोगरेशन में हैं और अगर अदालत को भी शामिल करने को कहे तो वित्तीय आवंटन कितना होगा। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एन. वेंकटरमण से जानना चाहा कि क्या 17 फरवरी, 2014 को संसद में किए गए वादे से पहले ऐसी कोई नीति थी कि सरकार प्रदान करने के लिए सैद्धांतिक रूप से राजी है। अदालत ने कहा, 'हमें इस तथ्य पर गौर करना होगा कि की कोई कानूनी परिभाषा नहीं है। यह एक नीतिगत फैसला है। उनकी (याचिकाकर्ताओं की) दलील है कि संसद में जो कुछ कहा गया था और नीति के बीच विसंगति है। सवाल यह है कि क्या यह अनुच्छेद 14 का हनन करता है। इससे पहले मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से सवाल किया कि सशस्त्र बलों में वन रैंक वन पेंशन पर सैद्धांतिक सहमति देने के बाद क्या उसने पेंशनभोगियों की पेंशन में भविष्य में स्वतः वृद्धि का अपना फैसला वापस ले लिया है। शीर्ष अदालत ने सरकार से पूछा कि क्या वह पांच साल में एक बार पुनर्विचार की वर्तमान नीति के स्थान पर स्वतः वार्षिक वृद्धि पर विचार कर सकती है।




## बाइक पर बैठे चार साल से कम उम्र के बच्चे के लिए हेलमेट अनिवार्य, बच्चों को चालक के साथ जोड़ने के लिए सुरक्षा बेल्ट भी लगानी होगी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन मंत्रालय ने बुधवार को मोटरसाइकिल पर चार साल से कम उम्र के बच्चों को ले जाने के संबंध में नए नियमों को अधिसूचित किया। इसके तहत बच्चों के लिए हेलमेट और सुरक्षा बेल्ट को अनिवार्य किया गया है। नए नियमों के तहत अगर चार साल का बच्चा पीछे की सीट पर बैठा है तो बाइक की गति 40 किमी प्रति घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए। नए नियम अगले साल 15 फरवरी से लागू होंगे। उधर, सड़क परिवहन मंत्रालय ने यह भी कहा है कि खतरनाक या जोखिमपूर्ण सामान की ढुलाई करने वाली प्रत्येक गाड़ी को वाहन निगरानी प्रणाली उपकरण से लैस किया जाएगा। इस संबंध में हितधारकों से 30 दिन के अंदर सुझाव मांगे गए हैं। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सेंट्रल मोटर व्हीकल एक्ट 1989 में संशोधन करते हुए पहली बार मोटरसाइकिल पर सवार नौ महीने से चार साल के बच्चों की सुरक्षा के लिए नियम तय किए हैं। चार साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सुरक्षा बेल्ट या हार्नेस का इस्तेमाल उन्हें मोटरसाइकिल के चालक के साथ 'जोड़ने' के लिए किया जाएगा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मोटरसाइकिल पर सवार बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा कोई नियम नहीं होने से हादसे के दौरान सबसे अधिक बच्चे शिकार होते थे। इतना ही नहीं बाइक का थोड़ा सा भी संतुलन बिगड़ने पर बच्चों के गिरने का खतरा भी रहता है। देश में सड़क हादसों और उसमें मौत और घायलों के आंकड़ों के विश्लेषण के बाद बच्चों के लिए नए नियम बनाने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पक्षों, विशेषज्ञों और सामान्य जनता से मिली राय बाद इन नियमों को अंतिम रूप दिया गया है। उनके अनुसार अधिसूचित होने के एक साल बाद लागू होने वाले इन नियमों के पालन की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी।



## डेल्टा व ओमिक्रोन के बाद अब नए वैरिएंट से घबराने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के डेल्टा व ओमिक्रोन वैरिएंट के मिलने से नए वैरिएंट के बनने की दुनिया भर से जानकारी मिलने के कुछ दिन बाद एक प्रमुख वायरोलाजिस्ट (विषाणु विज्ञानी) ने कहा है कि फिलहाल भयभीत होने की जरूरत नहीं है। सीएसआइआर इंस्टीट्यूट आफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलाजी के विज्ञानी विनोद स्कारिया ने कहा है कि इस समय यह बताने के लिए कोई जानकारी नहीं है कि ओमिक्रोन की तुलना में डेल्टा के साथ मिलकर बना वैरिएंट से कोई अतिरिक्त खतरा है। स्कारिया ने कहा कि महामारी विज्ञान से जुड़े और आंकड़ों की प्रतीक्षा की जा रही है क्योंकि दुनिया भर से जीनोम की सूचनाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि सार्स-सीओवी-2 में वैरिएंट का मिश्रण उस प्रकार नहीं होता है जैसा इन्फ्लूएंजा में देखा जाता है। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे एक पत्र में कहा कि भारत में कोविड-19 महामारी 21 जनवरी से लगातार कम हो रही है। पिछले हफ्ते औसत दैनिक मामले 50 हजार से ज्यादा थे, जबकि पिछले 24 घंटे में 30 हजार नए मामले मिले है और दैनिक संक्रमण दर भी ढाई प्रतिशत से नीचे आ गई है। उन्होंने आगे बताया कि शुरुआती महीनों में अधिक मामले सामने आने के मद्देनजर कुछ राज्यों ने अपनी सीमाओं और हवाईअड्डों पर अतिरिक्त पाबंदियां लगाई थीं। साथ ही भूषण ने कोरोना संक्रमण से प्रभावी रूप से निपटने के अलावा लोगों के आवागमन और आर्थिक गतिविधियों को लेकर भी अलर्ट किया है। उन्होंने कहा है कि राज्य स्तर पर लगाई गई अतिरिक्त पाबंदियों के चलते ये गतिविधियां प्रभावित नहीं होनी चाहिए। बता दें कि देश में अब वापस जिंदगी सामान्य होने की गति में है।






## बसपा प्रत्याशी डॉक्टर अजय भारती का जनसंपर्क तेज

(आधुनिक समाचार सेव)
संवाददाता राकेश मिश्रा

**प्रयागराज।** बसपा उम्मीदवार डॉ अजय कुमार अपनी जीत के दावे कर रहे है कौन जीतेगा कौन हारेगा यह तो भविष्य के गर्त में है लेकिन कहा जा सकता है कि चुनावी पारा हर रोज तेज हो रहा है इसी क्रम में 264 बारा विधानसभा के बीएसपी उम्मीदवार डॉ अजय कुमार भारती लोहागरा बारा जसरा व्यापारियों से जनसंपर्क करते हुए विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी और बढ़ गई है स्वागत किया अपार भीड़ देखकर खुश हुए डॉ अजय ने कहा कि मेरे 10 साल के राजनीतिक जीवन में एक भी आरोप नहीं लगे हैं मेरा जीवन खुली किताब है आप सभी भी भली-भांति जानते हैं जो कुछ जरूरी काम समय भाव में नहीं हो सका उसको इस 5 साल में पूरा किया जाएगा डॉक्टर अजय के साथ आए पूर्व प्रधान पति विनोद त्रिपाठी रामानंद त्रिपाठी पिंटू मिश्रा देवेंद्र द्विवेदी मनोज कुशवाहा भोलानाथ चौधरी हरिराम तिवारी के साथ कार्यकर्ता बंधु उपस्थित दिखे



## इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय पर कई घंटे से छात्रों का हंगामा, पुलिस फोर्स से झड़प, देर शाम तक धरना जारी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय में ऑफलाइन परीक्षा के विरोध में गुरुवार को छात्रों ने फिर परीक्षा नियंत्रक कार्यालय पर हंगामा कर दिया। सैकड़ों छात्र वहां जुटे हैं। एहतियात के तौर पर कई थानों की फोर्स के साथ पीएसी भी तैनात है। दिन में 11 बजे से छात्र हंगामा और नारेबाजी कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक आफलाइन परीक्षा निरस्त करने की बात नहीं कही जाते, वे यहां से जाएंगे नहीं। कई घंटे से जारी विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी के बीच पुलिस बल से छात्रों की झड़प और हाथापाई भी हुई। दोपहर बाद तीन बजे नाराज छात्रों ने इवि का मुख्य गेट भी बंद कर दिया जिससे आवागमन बाधित हो गया। शाम बजे के बाद भी वहां छात्र ऑफलाइन परीक्षा के विरोध में जुटे हैं और लगातार नारे लगा रहे हैं। करीब पांच बजे ही इवि प्रशासन के अधिकारी छात्रों से बातचीत करने के लिए पहुंचे लेकिन अभी कोई नतीजा नहीं निकल सका। देर शाम सात बजे तक छात्रों का हंगामा जारी रहा। परीक्षा नियंत्रक समेत अन्य अधिकारी भी अंदर ही फंसे हुए हैं। छात्रों के बीच गुस्सा इस बात का है कि पिछले लंबे समय से उनकी पढ़ाई ऑनलाइन होती रही। कक्षाएं जूम ऐप पर ऑनलाइन चलती रहीं इसलिए परीक्षा भी ऑनलाइन ही होनी चाहिए। इवि के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय पर जुटे छात्र नारे लगाते रहे कि क्लास चली है जूम पर इसलिए परीक्षा देंगे रूम पर । ऑफलाइन परीक्षा का विरोध आज पहली बार नहीं हो रहा है। इसकी घोषणा होने के बाद से ही आक्रोशित छात्र लगातार विरोध जताते हुए ऑनलाइन परीक्षा के लिए दबाव बनाते हुए कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। ऑफलाइन परीक्षा के विरोध में हंगामा कर रहे सैकड़ों छात्रों ने करीब तीन बजे इवि का मुख्य गेट बंद कर दिया और धरने पर बैठकर नारे लगाने लगे। इससे इवि में बाहर से आवागमन ठप हो गया। अधिकारी भी फंस गए।



## यूपी के कुशीनगर में बड़ा हादसा

### मांगलिक कार्यक्रम के दौरान कुएं में गिरे दर्जनों लोग दो महिलाऐ,नौ बच्चों समेत 13 लोगो की हुई मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर-प्रदेश के कुशीनगर जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के नौरंगिया गांव में बुधवार रात करीब 10 बजे एक हृदय विदारक बड़ा हादसा हो गया जहां कुएं पर रखा स्लैब टूट कर गिरने से 22 लोग कुएं में गिर गए। हादसे में दो महिलाओं और नौ बच्चों समेत 13 लोगों की दर्दनाक मौत गई। घटना के समय सभी लोग एक परिवार में हल्दी की रस्म के उत्सव में चल रहा डांस देख रहे थे। कई थानों की फोर्स रेश्क्यू आपरेशन में जुटी है। कुएं से बाकी लोगों को निकाला जा रहा है। बच्चों व महिलाओं की मृत्यु की सूचना को लेकर पूरे गांव में अफरातफरी का माहौल है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मौके पर पहुंचे डीएम व एसपी भी पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि मृतकों की संख्या और अधिक हो सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जनपद कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में कुए में गिरने की दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर बचाव व राहत कार्य संचालित करने तथा हादसे में घायल लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। मरने वालों में 9 बच्चे व दो महिलाएं शामिल,पूरे क्षेत्र में मातम नौरंगिया के स्कूल टोला निवासी परमेश्वर कुशवाहा के पुत्र की बृहस्पतिवार को शादी है। वैवाहिक रस्म के क्रम में महिलाएं हल्दी की रस्म अदायगी के दौरान गांव में स्थित कुआं पर मटकोड़ करने गई थीं। उनके साथ बच्चे भी गए थे। कुआं पर बने ढक्कन व जगत पर पर कुछ लोग चढ़ गए जिससे वह टूट गया। बच्चे समेत महिलाएं कुआं में गिरकर दब गईं। सीएमएस डा एसके वर्मा ने बताया कि पांच से 15 वर्ष के नौ बच्चे और दो महिलाओं की मौत हो गई है। दो घायलों का इलाज चल रहा है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।



## जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने बिशप जॉनसन गर्ल्स इण्टर कालेज में मतदान कार्मिकों को दिए जा रहे द्वितीय प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

### मतदान कार्मिक धर्मेन्द्र कुमार दुबे के द्वारा प्रशिक्षण के सम्बंध में पूछे जाने पर सही जानकारी न दे पाने पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

**प्रयागराज ।** निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में उदासीनता एवं लापरवाही कत्तई क्षम्य नहीं होगा जिला निर्वाचन अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने गुरूवार को बिशप जॉनसन गर्ल्स इण्टर कालेज में मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहां दी जाने वाली प्रशिक्षण के बारे में मतदान कार्मिकों से जानकारी ली तथा बहुत मतदान कार्मिकों द्वारा दी जाने वाली प्रशिक्षण का मतदान से सम्बंधित सही जानकारी न दे पाने के कारण कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मार्क पोल तथा एएस0डी लिस्ट आदि की रैण्डम जानकारी ली तथा मशीन को केसे सील किया जाता है, उसकी जानकारी वहां पर मतदान कार्मिकों से एसेम्बल करा कर देखा, सही एसेम्बल न कर पाने की दशा में मास्टर ट्रेनर, सुपर मास्टर टेड्डनरों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पुनः प्रशिक्षण दिये जाने के निर्देश दिये है तथा उन्होंने कहां कि जो भी मतदान कार्मिक मतदान में लगाये गये है, उनकों मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी रहना चाहिए तथा प्रशिक्षण में आ रहे मतदान कार्मिक अपने साथ नोट बुक भी लाए तथा जो बताया जा रहा है, उसको नोट भी करते रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्येक कक्षों में जाकर प्रशिक्षण के कार्यों की जानकारी ली तथा प्रत्येक स्टॉल पर जाकर मतदान कार्मिकों की उपस्थिति की भी जानकारी लेते हुए निर्देश दिया है कि जो भी मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाये जायेंगे, उन पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसी क्रम में मतदान कार्मिक अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि ने निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगा। उन्होंने मतदान कार्मिक श्री धर्मेन्द्र कुमार दुबे से स्पष्टीकरण तलब किया। मतदान सम्बंधी प्रक्रिया की सही जानकारी न होने पर पुनः प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, डीडीओ श्री ए0के0 मौर्या सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## हाथों में हथकड़ी पहने संगम में डुबकी लगाने पहुंचा कैदी

(आधुनिक समाचार)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज।** माघी पूर्णिमा सनन के दौरान हाथों में हथकड़ी पहनकर संगम तट पर पहुंचा युवक चर्चा का विषय बना रहा। उसे मप्र पुलिस के तीन जवान लेकर घाट पर पहुंचे थे। पूछने पर उन्होंने कुछ बोलने से इंकार कर दिया, ऐसे में यह नहीं पता चला कि किसकी अनुमति से गंगा सनन के लिए लाया गया। फिलहाल यह घटना चर्चा का विषय बनी रही। घाट पर जब उसे सनन कराने के लिए पुलिस लेकर पहुंची तो देखने वाले स्तब्ध रह गए। करीब 15 मिनट तक सनन और घाट पर पूजन कराने के बाद पुलिस उसे लेकर रवाना हो गई। वह जिधर से गुजर रहा था लोग उसे ही देख रहे। सूत्रों से पता चला कि मध्य प्रदेश पुलिस के एक दारोगा व तीन सिपाही एक अभियुक्त को पकड़ने के लिए प्रतापगढ़ गए थे। वहां पर दबिश देकर मुल्जिम को पकड़ लिया है। फिर बुधवार सुबह मध्य प्रदेश वापस लौट रहे थे।इसके बाद सनन का मन बनाने को लेकर संगम तट की ओर मुल्जिम को लेकर चल दिये। वहां सनन, पूजन अर्चन के साथ ड्यूटी में कोई लापरवाही नही बरती। बाकायदा हथकड़ी लगे बंदी की सुरक्षा का ध्यान रखा। पुलिसकमिर्यों के साथ गंगा का जलपान कर बंदी भी अभिभूत हुआ। लोगों के देखते ही देखते पुलिस टीम उसे लेकर वहां से रवाना हो गई।



## नाबालिग जोड़े ने भागकर रचाई शादी, बच्चा होने के बाद गिरफ्तारी पर जानें इलाहाबाद हाई कोर्ट का अहम फैसला

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पाक्सो कानून से जुड़े केस में सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अपराध कानून को गणित की तरह लागू नहीं किया जा सकता। कानून का इस्तेमाल सार्थक व बेहतरी के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने कहा कठोर पाक्सो कानून नाबालिग लड़की को यौनाचार के अपराध से संरक्षण देने के लिए जरूरी है। पाक्सो एक्ट के तहत अपराध भले ही गंभीर है लेकिन इसे सार्थक ढंग से लागू किया जाना चाहिए। गैर जिम्मेदाराना रवैए से इसे लागू किया गया तो पीडिता को अपूरणीय क्षति हो सकती है। ऐसे नासमझ किशोरों का जीवन बर्बाद हो जायेगा जिन्होंने अनजाने में नजदीक आकर प्रेम संबंध बनाए और साथ जीवन बिताने के संकल्प के साथ शादी की। बच्चे का जन्म हुआ। फिर कार्रवाई से पारिवारिक परंपरा व जीवन मूल्यों को समझाने में विफल रहे मां बाप को कुछ हासिल नहीं होगा। हाई कोर्ट ने कहा कि स्कूल में साथ पढ़ने वाले नाबालिगों ने घर से भागकर शादी की। बच्चे को जन्म दिया।



## सोनकर समाज के लोगों ने भभ्य तरिके से मनाया संत सतगुरू रविदास महाराज जी की जयंती

(आधुनिक समाचार सेवा)
सत्य प्रकाश- संवाददात

**प्रयागराज।** मेजा विधानसभा कें अन्तर्गत आने वाला जेरा ग्राम सभा के सोनकर चौराहे पर सोनकर समाज के लोगों ने संत सतगुरू रविदास महाराज जी की जयंती समारोह बहुत ही भभ्य तरिके से मनाया ।जिस कार्यक्रम के व्यावस्थापक संजय सोनकर(समाजवादी पार्टी बाबा साहब वाहीनी मेजा विधानसभा अध्यक्ष) व अन्य नौजवान रहें। जिस जंयती के पर्व पर विशिष्ट अतिथि रंजीत सोनकर,भोला सोनकर व मुख्यअतिथि मेजा विधानसभा के सपा प्रत्याशी संदीप पटेल, पूर्व विधायक हणीया जोखू यादव उपस्थित रहें। जहां पर संत सतगुरू रविदास महाराज जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर संत सतगुरू रविदास महराज के विचारों को आये हुयें तमाम लोगों के बिच मे रखे।और इस कार्यक्रम का संचालन भोला सोनकर ने संभालते हुये सोनकर समाज एवं अन्य समाज को अपने-अपने अधिकारों को बताते हुये किस प्रकार एक होकर संविधान व अधिकार को बचाना हैं और संत सतगुरू रविदास महाराज जी के विचारधाराओं को जन-जन तक पहुचाना है व उनके द्वारा लिखित कविताओं पर प्रकाश डाले। यही पर रंजीत सोनकर ने अपने भाषण के दौरान संत सतगुरू रविदास जी के विचारो को उल्लेख करते हुयें इनके विचारधाराओं को किस प्रकार लोगों के बिच पहुचाया जाय इस पर चर्चा करते हुयें सोनकर समाज को एक पलरे पर होना जरूरी बताया। और रंजीत सोनकर ने कहां की हमारे समाज व अन्य समाज के लोगों के अधिकारों को दमन किया जा रहा हैं जिसे जागरूक होना हैं और दमन हो रहे अधिकारों को बचाना हैं। यही पर पहुचें मेजा विधानसभा सपा प्रत्याशी संदीप पटेल का स्वागत किया गया और वहां के सोनकर समाज के साथ अन्य समाज जैसे निषाद,पाल,यादव,गुप्ता, कुम्हार, पटेल व अन्य जातियों का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ। वहीं पर नौजवानों का उत्साह संदीप पटेल की ओर भरपूर देखने को मिला। सपा प्रत्याशी संदीप पटेल ने संत सतगुरू रविदास महराज जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर आर्शीवाद प्राप्त कियें। इस समारोह में पूर्व प्रधान मड़वा अमर बहादुर सोनकर, मोहन यादव, अशोक यादव, अशोक राज,शैलेन्द्र सोनकर(खटीक स्वराज संघ प्रदेश सचिव अधिवक्ता प्रकोष्ठ),संदीप सोनकर(म् प्रकोष्ठ जिलामहासचि), सुशील सोनकर(म् प्रकोष्ठ मेजा विधानसभा अध्यक्ष),सुरज सोनकर,राज सोनकर, रंजीत सोनकर पकरी,अभिषेक सोनकर, विवेक सोनकर,शनि सोनकर,रीशी सोनकर,वकील सोनकर, सुरेश यादव, गोविंद यादव आदि लोग उपस्थित होकर अपने-अपने विचार व्यक्त कर समाज को जागरूक कर संत सतगुरू रविदास महराज जी के विचारो को व्यक्त कियें।




## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 28 फरवरी 2022

सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790

# सोन नदी पुल पर मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**चोपन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग सोन नदी के पुल पर गंभीर अवस्था में दुर्घटनाग्रस्त घायल युवक लोगों को लोगो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उसका प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी जिस कारण वह पुल पर ही अचेत अवस्था में गिर पड़ा स्थानीय लोगों की सूचना मिली तो आनन-फानन में लोगों ने घायल युवक वेद प्रकाश पांडे पुत्र स्वर्गीय ज्ञान दत्त पांडेय निवासी मजगवा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार कर अंदरूनी गंभीर चोटों के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वही युवक के साथ कोई भी परिचित न होने के कारण इलाज के बाद भी काफी लंबे समय तक एंबुलेंस के साथ जाने को लेकर पुलिस व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों के बीच इंतजार होता रहा।



# नामांकन के चौथे दिन 57 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**आजमगढ़।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के लिए नामांकन के चौथे दिन बुधवार का मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र से एआइएमआइएम से विधायक शाहआलम उर्फ गुड्डू जमाली सहित कुल 57 उम्मीदवारों नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अब जब नामांकन में एक दिन शेष रह गया तो जिले का सियासी पारा चढ़ गया है। -बसपा से सरोज कुमार पांडेय, सपा से डा. संग्राम यादव, अलहिद पार्टी से अमरावती, असंख्य समाज पार्टी से पंकज कुमार यादव, राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी से रामधारी, डा. सीमा पांडेय निर्दलीय, रामा देवी निर्दलीय, विकासशील इंसान पार्टी से सौरभ निषाद। 344-विधानसभा क्षेत्र गोपालपुर -बसपा से रमेश चंद यादव, मित्रसेन यादव निर्दलीय, सपा से नफीस अहमद, आम आदमी पार्टी से सुनील कुमार यादव।345-विधानसभा क्षेत्र सगड़ी -कांग्रेस से राना खातून, बसपा से शंकर, सपा से हृदय नारायण सिंह पटेल, बाबूलाल भारती निर्दलीय, चंद्रिका निर्दलीय, जन अधिकार पार्टी से पंकज।346-विधानसभा क्षेत्र मुबारकपुर -भाजपा से अरविद कुमार जायसवाल, जनराज्य पार्टी से रविशंकर सिंह यादव,सपा से अखिलेश, एआइएमआइएम से शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली, पीस पार्टी से रमेश, कांग्रेस से परवीन बानो, लालबिहारी 'मृतक' निर्दलीय, जन अधिकार पार्टी से रामदुलारे राजभर।247-विधानसभा क्षेत्र आजमगढ़ -बसपा से सुशील कुमार सिंह, सपा से दुर्गा प्रसाद यादव, एआइएमआइएम से कमर कमाल, कांग्रेस से पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, आदमी पार्टी से कृपाशंकर पाठक, धीरज निर्दलीय।347-विधानसभा क्षेत्र निजामाबाद -कांग्रेस से अनिल कुमार यादव, सीपीआइ से जितेंद्र हरि पांडेय, राजीव कुमार निर्दलीय। 349-विधानसभा क्षेत्र फूलपुर-पवई -रामअवतार निर्दलीय, कांग्रेस से मो. शाहिद, भाजपा से रामसूरत, योगेंद्र निर्दलीय। 350-विधानसभा क्षेत्र दीदारगंज -संध्या सिंह निर्दलीय, आम आदमी पार्टी से रश्मि विश्वकर्मा, सनातन संस्कृति रक्षा दल से लालमन यादव, राष्ट्रीय उलेमा कौंसिल से हुजैफा आमिर, मो. नदीम खान, कांग्रेस से अवधेश कुमार सिंह, जलालुद्दीन निर्दलीय, एआइएमआइएम से जावेद।351-विधानसभा क्षेत्र लालगंज -सपा से बेचई, कांग्रेस से पुष्पा भारती, बहुजन आवाम पार्टी से अरविद, आम आदमी पार्टी से हरिराम, लोक जन शक्ति पार्टी से कर्मराज, जन अधिकार पार्टी से रिपुसूदन।352-विधानसभा क्षेत्र मेंहनगर -सपासे दीपचंद, बसपा से पंकज, कांग्रेस से निर्मला भारती, एआइएमआइएम से कर्मवीर आजाद।

# करोड़ों खर्च के बाद भी कटान का दंश कायम, मिट जा रहा कई गांवों का अस्तित्व

**मझौवां (बलिया) ।** गंगा की कटान से गांव को बचाने हेतु केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद गांवों का अस्तित्व दांव पर लगा हुआ है। पीड़ितों का आरोप है कि शासन स्तर से आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं ढूंढा जा सका। क्षेत्र के ग्राम रेपुरा, सुजानीपुर, उदवत छपरा, राजपुर एकौना, नेम छपरा, गंगापुर ग्राम पंचायत के सोनार टोला बनिया टोला, केहरपुर ग्राम पंचायत के सुधर छपरा, गोपालपुर उदुईछपरा, दुबे छपरा, आदि गांव कटान के मुहाने पर खड़े हैं। विगत 10 वर्षो में गंगापुर के पुरवा दुर्जनपुर, मीनापुर, तेलिया टोक, हुकुम छपरा, चौबे छपरा, रिकनीछपरा केहरपुर, उद ईछपरा आदि गांव का अस्तित्व गंगा के कटान से समाप्त हो चुका है। गंगापुर, उदई छपरा गांव के कटान पीड़ित बलिया बैरिया राष्ट्रीय राजमार्ग की पटरियों पर खानाबदोश की जिदगी जीने कर रहे हैं। हालांकि गंगापुर में कटान पीड़ितों को पिछले वर्ष दिधार, बेलहरी, बलिहार, गंगापुर के उत्तरी मौजे में सरकार द्वारा बसाया गया है लेकिन इन गांवों के अनेक पात्र आज भी आवासीय सुविधा से वंचित हैं। कटान के स्थायी समाधान के लिए पचरुखिया से नौरंगा भुवाल छपरा तक गंगा की धारा मोड़ने हेतु 30 करोड़ से कार्य प्रारंभ हुआ जो अभी तक पूर्ण नहीं हो सका। अब तो कार्यस्थल पर काम भी बंद पड़ा हुआ है। क्षेत्र के पीड़ितों ने शासन प्रशासन से कटान के स्थायी समाधान की मांग की है।

# कचरे में रखवा दिए मोबाइल यूरिनल, बने शोपीस

**नगरा (बलिया) ।** नगरा ग्राम पंचायत को नगर पंचायत का तमगा तो मिल गया कितु यहां के लोगों की दुश्वारियां कम होने का नाम डाकघर के बगल में दुकानों के पीछे रखा गया है। दवा युक्त पेशाब घर को लेकर नगर पंचायत लापरवाह बना हुआ है। यहां के मछली बाजार निर्भय प्रकाश का कहना है कि नगर पंचायत को निर्मित शौचालय का ताला खोलवा कर उसकी साफ सफाई कराए। देवेंद्र सिंह का कहना



ही नहीं ले रहीं हैं। बाजार में शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। पुरुष व महिलाओं की सुविधा के लिए नगर पंचायत द्वारा बाजार के प्रमुख स्थानों पर आधा दर्जन मोबाइल यूरिनल रखे गए हैं जो शोपीस बने हुए हैं। साल भर में आज तक ताले ही नहीं खुले। नगरा-सिकंदरपुर मार्ग पर तो कचरे के बीच ही इसे रखवा दिया गया है। इसी तरह उप में डेढ़ दशक पूर्व निर्मित सामुदायिक शौचालय ध्वस्त हो चुका है। इसी तरह ब्लाक परिसर में निर्मित सामुदायिक शौचालय में ताला बंद रहता है। राजबहादुर सिंह अंशू का कहना है कि लोगों की परेशानियों को देखते हुए नगर पंचायत तत्काल इसे चालू कराए। इश्तियाक अहमद का कहना है कि नगर पंचायत में ध्वस्त हो चुके शौचालय के जगह नए शौचालय का निर्माण कराया जाना चाहिए। है कि बाजार के प्रमुख स्थानों पर रखे गए दवा युक्त पेशाब घर से जनता को कोई फायदा नहीं है। नगरा बाजार के प्रमुख स्थानों पर रखे गए औषधयुक्त यूरिनल में बंद ताला शीघ्र खोलवाया जाएगा। जहां पर गंदगी है वहां से हटवा कर स्वच्छ स्थान पर रखवाया जाएगा।-

-रामबदन यादव, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, नगरा।

# सिर कुचकर महिला की हत्या बांस के डंडे व ईट पत्थर हुए बरामद गांव से 500 मीटर की दूरी पर महिला की छत विक्षत शव मिला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सर्वेश कुमार यश**

**हरहुआ (वाराणसी)।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के अनौरा गांव स्थित एक आवासीय के पीछे खेतों व चहारदीवारी के बीच बृहस्पतिवार किया। ग्राम प्रधान दीपक कुमार चौहान ने बड़ागांव पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे बड़ागांव थाना अध्यक्ष, सीओ बड़ागांव, एडिशनल एसपी ,डॉग स्क्वायड व सीआईडी की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले



सुबह गांव के बस्ती से लगभग 500 मीटर दूर एक महिला की क्षत विक्षत लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गयी। सुबह गांव के किसी व्यक्ति नें आवासीय योजना के पीछे दीवार व खेतों के आड़ में महिला की सिर कूंच कर हत्या की लाश देखकर गांव में सूचना दिया। सूचना पर जुटे ग्रामीणों ने लाश की शिनाख्त गांव के स्व. मताब चौहान की बड़ी बेटी मीना कुमारी 40वर्ष के रूप में की जांच पड़ताल की लेकिन कोई सुराग नहीं मिली। जानकारी अनुसार मृतका तीन बहनों व 1 भाई में सबसे बड़ी थी और अपने पति स्व. हीरालाल चौहान निवासी मुरादगंज थाना - लाईन बाजार जौनपुर की 10 साल पूर्व मौत हो जाने के बाद अक्सर मायके अनौरा में ही अपने पिता द्वारा दिये गये मकान में रहती थी। पिता की मौत हो जाने व इकलौते भाई राजकुमार 32 के मंद बुद्धि होने से यहीं रहकर उसका सहयोग करती थी। मृतका का एक बेटा गोलू 14 वर्ष अपनी बुआ के यहां रामनगर रहता है। मृतक महिला के भाई ने बताया कि बुधवार को दोपहर बाद तीन बजे शाम को अपने ससुराल जौनपुर से एक माह बाद वापस आयी थी। भाई ने बताया कि शाम को आनें के बाद वह रात में खाना खाकर अपने मकान में सोने चली गयी, सुबह जब राजकुमार का बेटा बुआ को चाय लेकर गया तब वह अपने घर में नहीं थी। उसके कुछ देर बाद ही गांव के 500 मीटर बाहर खेतों के पीछे उसकी लाश पायी गयी। मृतका का सिर बुरी तरह से कूंच कर उसकी हत्या की गयी थी लाश के पास ही बांस का 4 फिट लम्बा टुकड़ा, ईट व बड़ा पत्थर रक्तरंजित मिला था। चर्चा है कि मृतका के पति की मौत के बाद उसनें ससुराल की कुछ जमीन बेंच दी है कुछ बाकी है। गांव में तरह तरह की चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने मृतका के ससुराल तो कुछ मायके के ही कुछ लोगों से विवाद को कारण बता रहे हैं। वहीं पुलिस टीम गठित कर मामले कि जांच कर रही है।

# कर्मचारियों को मतदान के लिए पोस्टल बैलेट की हो व्यवस्था

**आजमगढ़ ।**ज्योति निकेतन स्कूल में 23 फरवरी से दो मार्च तक मतदान कार्मिकों को द्वितीय परीक्षण दिया जाएगा। जिलाधिकारी अमृत त्रिपाठी ने बुधवार को निरीक्षण किया। कहा कि वाहनों के आने-जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पोलिग पार्टीयों को कमरे में बैठने के लिए सीटिग प्लान बनाया जाए। विधानसभावार कर्मचारियों को वोट देने के लिए पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की जाए।उन्होंने कहा कि स्कूल के लान में आवश्यकतानुसार दो पार्ट में टेंट लगाना सुनिश्चित करें। सीटिग प्लान बनाकर ग्रुप में शेयर करें और कमरों के बाहर चस्पा किया जाए। निर्देश दिया कि 20 फरवरी तक समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए। 20 फरवरी को ड्राई रन कराया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुकला, एसपी ट्रैफिक सुधीर जायसवाल, परियोजना निदेशक केके सिंह, स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर ईवीएम व वीवी पैट इंजीनियर कुलभूषण सिंह, जिला कृषि अधिकारी डा. गगनदीप सिंह, एक्सईएन पीडब्लूयूडी, एक्सईएन विद्युत थे।



# जालसाज ने एटीएम से उड़ाए 2.45 लाख रुपये

**गड़वार (बलिया) ।** थाना क्षेत्र के नरांव गांव के युवक का एटीएम बदलकर जालसाज ने दो लाख 45 हजार रुपये खाते से गायब कर दिए। इस मामले में पीड़ित ने आनलाइन तहरीर देने के साथ ही साइबर सेल व थाना पुलिस को सूचना दे दी है। शशिकांत यादव गड़वार थाना से महज सौ कदम दूरी पर एक आइसीआइसीआइ बैंक के एटीएम पर पैसा निकालने गया। वहां पैसा निकालते समय एक युवक एटीएम में प्रवेश कर गया और एटीएम स्क्रीन से छेड़छाड़ करने लगा। इसी दौरान 5000 निकाल कर शशिकांत गिन रहा था तब तक उक्त युवक यूनियन बैंक का दूसरा एटीएम वहां पर रखकर चलता बना। पैसा निकालने के बाद शशिकांत घर आ गया इसी बीच 10-10 हजार रुपये दो बार में निकाले गए। फिर 50 हजार रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर किए गए। इस तरह कुल 2.45 लाख खाते से निकाल लिए गए। बार-बार पैसे निकाले जाने की जानकारी होने पर पीड़ित ने अपना एटीएम चेक किया तो गलत निकला।

# करोड़ों खर्च, फिर भी कटान में मिटती जा रहीं बस्तियां

**दोकटी (बलिया) ।** विकासखंड मुरलीछपरा के छह ग्राम पंचायतों की मुख्य समस्या कटान है। इसका आज तक स्थायी समाधान नहीं हो सका। गंगा की कटान से निजात दिलाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च भले ही हो गए, लेकिन अभी भी कई गांव कटान से सुरक्षित नहीं हैं। क्षेत्र के नरदरा, भुसौला, जगदीशपुर आदि गांवों में लोग विगत तीन दशक से कटान की



तबाही झेल रहे हैं। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर, पूर्व विधायक डा. भोला पांडेय, पूर्व सांसद भरत सिंह, पूर्व विधायक विक्रमा सिंह आदि के कार्यकाल में भी कटानरोधी कार्य हुए, लेकिन स्थिति नहीं बदल सकी। विगत 2010 में बसपा के शासनकाल में बस्तियों को बचाने के लिए पक्का ठोकर का निर्माण किया गया, लेकिन इसमें 15 ठोकर बनाने की जगह 12 ठोकर ही बनाए गए। तीन ठोकर के रुपये ठीकेदार हजम कर गए। इस वजह से नरदरा भूसौला जगदीशपुर गांव कटान से तबाह होने लगा। वर्ष 2011 से लेकर 2013 तक भीषण कटान की वजह से लगभग 300 लोगों को आशियाना कटान में समाहित हो गया। सभी कटान पीड़ित आज भी खानाबदोश की जिदगी जी रहे हैं। कुछ लोगों को जमीन का पट्टा तो दिया गया, लेकिन उसमें भी भेदभाव किया गया। यह जमीन गरीबों को दरकिनार कर संपन्न लोगों को मिली। सैकड़ों परिवार आज भी विवश हाल में जी रहे हैं।

# जिला अस्पताल में 19 वर्ष बाद शुरू हुई लिफ्ट, मरीजों को राहत

**बलिया ।** जिला अस्पताल में 19 वर्ष बाद लिफ्ट की सुविधा शुरू हो गई है। इससे मरीजों, चिकित्सकों व कर्मचारियों को दो मंजिला या तीन मंजिला पर स्थित वार्ड, आपरेशन थियेटर, डायलिसीस कक्ष, पीकू वार्ड में आने जाने के लिए सीढ़ी चढ़ने से राहत मिल गई। इसमें एक साथ दस लोग या एक स्ट्रेचरयुक्त मरीज के साथ पांच स्वजन भी जा सकते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के प्रयास से अस्पताल के दूसरे परिसर में वर्ष 2003 में 150 शैय्या का तीन मंजिला भवन का निर्माण हुआ था। महानगरों की तर्ज पर बने इस अस्पताल में एक छत के नीचे हड्डी, सर्जिकल, बच्चा वार्ड, आपरेशन थियेटर, पैथोलाजी, डायलिसिस सहित अन्य चिकित्सकीय सुविधाओं के लिए जगह है, लेकिन एक तल से दूसरे तल पर मरीजों व स्वास्थ्य कर्मियों के आने-जाने में दिक्कत होती थी। अस्पताल के निर्माण के समय में ही लिफ्ट लगा था, लेकिन अस्पताल प्रशासन की लापरवाही से चालू नहीं हो पा रहा था। 2017 में भी इसे चालू करवाने का प्रयास तत्कालीन सीएमएस डा. शिव प्रसाद ने किया था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण मामला अधर में पड़ गया। कानपुर की एक कंपनी की एके स्विच गियर कंपनी के टेक्निशियन ने पुराना सिस्टम निकाल मैनुअल तरीके से लिफ्ट को चालू कर दिया है। ट्रायल के पश्चात इसे मरीजों व स्वास्थ्यकर्मियों के आने-जाने के लिए खोल दिया गया है। अस्पताल के तीन मंजिला भवन में वर्षो से बंद पड़ा लिफ्ट चालू हो गया है। अब मरीजों संग चिकित्सकों व कर्मचारियों को वार्ड, आपरेशन कक्ष, डायलसिसिस कक्ष में आने-जाने में काफी सहूलित मिलेगी। उसके संचालन के लिए जल्द ही एक कर्मचारी की तैनाती भी होगी।



# नौ बदमाशों की पुलिस ने खोली हिस्ट्रीशीट

**आजमगढ़ ।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने अपराधियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जनवरी महीने में नौ आरोपितों की हिस्ट्रशीट खोलने के बाद फरवरी में भी नौ लोगों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। पहले की कार्रवाई में अवैध शराब के कारोबारियों पर पुलिस की नजर थी, तो दूसरी लिस्ट में हत्या, लूट व गोवध अधिनियम के आरोपितों पर शिकंजा कसा है। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर बुधवार को पांच थानों में हत्या, लूट व गोवध के नौ आरोपितों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इनमें सबसे अधिक रानी की सराय थाना में पांच आरोपित शामिल हैं। इन पर निगरानी भी पुलिस द्वारा लगातार की जा रही है। पुलिस ने हत्या के आरोपित रोहित यादव व दीपक यादव निवासी अल्लीपुर, थाना रानी की सराय, गोवध के आरोपित अब्दुल्लाह गालिब, शाकिब निवासी सिरसाल, थाना रानी की सराय पर शिकंजा कसा है। वहीं बिलरियांगज व देवगांव थाना ने गोवध में क्रमशः इसरार अहमद निवासी करमैनी, थाना बिलरियागंज व इकलाख उर्फ पतरका निवासी बैरीडीह, थाना देवगांव पर कार्रवाई की है। फूलपुर थाना ने लूट के आरोपित रामनाथ यादव निवासी दखिनगांवा की हिस्ट्रीशीट खोली है। पवई थाना ने हत्या के मामले में आरोपित बृजेश अग्रहरि उर्फ कल्लू निवासी मित्तूपुर बाजार पर भी कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है।




# बिहार प्रशासन ने यूपी सीमा पर तैनात की पुलिस

**बैरिया (बलिया) ।** विधान सभा चुनाव में सुरक्षा के मद्देनजर बिहार से सटे सभी सड़क मार्गों पर पुलिस की निगहबानी तेज कर दी गई है। वहीं बिहार प्रशासन भी सीमावर्ती क्षेत्रों में बिहार पुलिस की तैनाती बढ़ाते हुए गश्त तेज करने का निर्देश दिया है। खवासपुर, माझी, डुमाई गढ़ घाट व शिवपुर घाट के साथ-साथ नैनिजोर व परसौड़ा में बिहार पुलिस हर आने जाने वालों पर कड़ी नजर रख रही है। ताकि असामाजिक तत्व मादक पदार्थों व असलहा लाने व ले जाने में ब्रेक लगाया जा सके। वहीं पगडंडी मार्गों पर भी उत्तर प्रदेश पुलिस के जवान डायल 112 नंबर की बाइक आते जाते दिखाई दे रहे हैं। उपजिलाधिकारी बैरिया अभय कुमार सिंह ने बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। विद्यालय संस्थापक की मनी पुण्यतिथि सिकंदरपुर (बलिया) गांधी इंटर कालेज सिकंदरपुर के संस्थापक पूर्व प्रधानाचार्य स्व.भुवनेश्वरी प्रसाद राय की 38वीं पुण्यतिथि बुधवार को विद्यालय प्रांगण में मनाई गई। इस दौरान उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। प्रबंधक अरविंद कुमार राय, संजय कुमार राय, डॉ.राजीव नंदन राय, आशुतोष राय आदि लोग मौजूद थे। रविदास जयंती पर हुआ भजन कार्यक्रम सिकंदरपुर (बलिया) स्थानीय कस्बे के मोहल्ला डोमनपुरा स्थित चतुर्भुजनाथ मंदिर के समीप संत रविदास जयंती पर भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संत रविदास की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। साथ ही देर रात तक सत्संग व गायन भजन का लोगों ने आनंद लिया। इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार राव, विशाल कुमार, अभिषेक कुमार, सिद्धांत कुमार, बबलू कुमार, ज्ञान प्रकाश आदि लोग मौजूद थे। रोजगार मेले में 173 छात्रों का चयन सिकंदरपुर (बलिया) नवोदय आइटीआइ तिलौली बघुड़ी प्रांगण में गुरुवार को सु जुकी मोटर गुजरात द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 258 छात्रों ने भाग लिया। इनमें से 173 को चयनित किया गया। मानवेंद्र सिंह राघव, पंकज कुमार, चंदन सिंह, अमन पांडेय, इंद्रेश चक्रवर्ती आदि मौजूद थे। संस्थान के प्रबंधक संतोष वर्मा ने छात्रों की उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

# वाराणसी में विधानसभा चुनाव का नामांकन पूरा, साफ हुई उम्मीदवारों की तस्वीर

**वाराणसी।** विधानसभा चुनाव के सातवें चरण में गुरुवार को वाराणसी में चुनाव नामांकन का अंतिम दिन है। इसमें सपा- भाजपा




जैसे प्रमुख दलों के प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। कारण यह कि इनके टिकट की घोषणा एक दिन पहले बुधवार को की गई थी। सीमित समय में तैयारी के साथ उन्हें तय अवधि में नामांकन करना था। इससे कलेक्ट्रेट में अंतिम दिन नामांकन की होड़ भी नजर आई। इसके साथ सभी सीटों पर पर्चा दाखिला दोपहर बाद तीन बजे तक पूरा हो गया। इस प्रकार वाराणसी में अब सियासी महासमर के महारथी मैदान में आ गए हैं। नामांकन पूरा होने के बाद वाराणसी चुनावी जंग के रंग में आ गया है। नामंकन का अंतिम दिन सपा के नाम : नामांकन के अंतिम दिन आज सुबह से ही प्रत्याशियों का ताता लगा रहा। इसमें सबसे प्रमुख रहे समाजवादी पार्टी से अशफाक अहमद डब्लू, पूजा यादव। वैसे कैंट और उत्तरी को लेकर दो नामों की पहले ही चर्चा चल रही थी। कांग्रेस की प्रत्याशी गुलराना तबस्सुम और हेमा देवी भी पहुंचीं। नामांकन करने के लिए 11 बजे से प्रत्याशियों का तांता लगा है। इसमें ज्यादातर निर्दल या गैर पंजीकृत दलों के प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं भाजपा से नील रतन पटेल नीलू ने भी सेवापुरी से गुरुवार को नामांकन किया। अव्यवस्था के बाद चौकना हुई पुलिस : नामांकन के चौथे दिन बुधवार को समाजवादी पार्टी के दो प्रत्याशियों के साथ आए कार्यकर्ताओं ने पूरी व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर दिया था।

## समाज कल्याण राज्यमंत्री से ज्यादा बढ़ी पत्नी की संपत्ति


**सोनभद्र।** प्रदेश सरकार में समाज कल्याण राज्यमंत्री व ओबरा के विधायक एक बार फिर भाजपा से प्रत्याशी हैं। वर्ष 2017 की तुलना में उनकी आय तो बढ़ी ही लेकिन उनकी पत्नी की आय उनसे करीब तीन गुना ज्यादा बढ़ गई। बुधवार को नामांकन में संपत्ति को लेकर दिए शपथ पत्र में उन्होंने दर्शाया है कि उनके पास एक रायफल व एक पिस्टल है जबकि पिछले चुनाव में उनके पास असलहा नहीं था। मंत्री के पास वर्तमान में 1.7718 हेक्टेयर कृषि भूमि है जिसका अनुमानित मूल्य करीब एक करोड़ 70 लाख रुपये है। उनकी पत्नी के पास कृषि भूमि दो जगह है और दोनों का कुल अनुमानित मूल्य करीब एक करोड़ 50 लाख है। वर्ष 2017 में संजीव गोड़ के पास 100 ग्राम सोने का आभूषण था जबकि 2022 में यह बढ़कर 140 ग्राम हो गया। उधर उनकी पत्नी के पास 2017 में 250 ग्राम सोने का आभूषण व 500 ग्राम चांदी का आभूषण था। वर्ष 2022 के शपथ पत्र में यह बढ़ गया। अब उनकी पत्नी के पास 380 ग्राम सोने का आभूषण व एक किलो 400 ग्राम चांदी के आभूषण हैं। इनकी कीमत पति के आभूषण की कीमत की करीब तीन गुना है। हालांकि इस दौरान मंत्री के हाथ में नकदी पिछले बार की तुलना में कम हो गई है। पिछले चुनाव में उनके हाथ में नकद 5 लाख रुपये थे जबकि इस चुनाव में उनके पास यह राशि महज 3 लाख रुपये है। पति-पत्नी के खाते में करीब 18 लाख रुपये हैं। 2017 के चुनाव में उनके पास एक बोलेरो व एक स्कार्पियो थी। इस बार के शपथ पत्र में मंत्री संजीव ने दर्शाया है कि उनके पास अब एक स्कार्पियो व एक फार्च्यूनर भी है। इसके अलावा उन्होंने आवासीय और कृषि भूमि का भी विवरण दिया है जो पिछली बार की तुलना में ज्यादा है।

## 18 वर्ष पूर्व दोहरे हत्याकांड में दो को उम्रकैद

**सोनभद्र।** अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय राहुल मिश्र की अदालत ने दोहरे हत्याकांड मामले में बुधवार को आरोपित लल्ला सिंह व गुड्डन सिंह को उम्र कैद एवं 20-20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2-2 वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पन्नूगंज थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव निवासी चौकीदार गुलाब पुत्र लालमनी ने 28 दिसम्बर- 2004 को तहरीर दी जिसमें कहा था कि वह रामगढ़ स्थित पेरियार स्कूल की तरफ जा रहे थे तो जला शव दिखाई दिया। इस सूचना पर पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की।विवेचक दीपक दुबे ने शव की शिनाख्त विजय कुमार यादव व सीताराम यादव के रूप में की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस विवेचना के दौरान अभियुक्तगण पन्नूगंज थाना क्षेत्र के खड़ूई गांव निवासी लल्ला सिंह, मगरदहा गांव निवासी गुड्डन सिंह व राजू सिंह का नाम प्रकाश में आया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मुकदमे के दौरान राजू सिंह की मौत हो गई। अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर अभियुक्तों लल्ला सिंह व गुड्डन सिंह को उम्र कैद एवं 20-20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2-2 वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से पैरवी अभियोजन अधिकारी विजय प्रकाश यादव ने की।

## गहमागहमी के बीच 21 का पर्चा दाखिल अब तक 49 नामांकन

**मीरजापुर ।** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस, भाजपा अपना दल, भाकपा माले, आम आदमी पार्टी सहित कई पार्टियों के उम्मीदवारों ने नामांकन फार्म भरा। बुधवार को मड़िहान विधानसभा क्षेत्र से भाकपा (माले) उम्मीदवार जीरा देवी ने नामांकन कर खाता खोला। इसके बाद नामांकन का दौर आरंभ हुआ जो दोपहर तीन बजे रुका। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट विधानसभा चुनार से कांग्रेस उम्मीदवार सीमा सिंह, मौलिक अधिकार पार्टी उम्मीदवार सदानंद, अपना दल कमेरावादी से रमाशंकर प्रसाद सिंह और निर्दल सुशीला सिंह सहित चार उम्मीदवारों ने नामांकन किया। वहीं विधानसभा मड़िहान से सपा व अपना दल कमेरावादी पार्टी के अवधेश कुमार सिंह, भाकपा माले जीरा देवी, कांग्रेस की गीता देवी, मनरेगा मजदूर सभा



परिसर क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह ने नामांकन के दौरान सुरक्षा का जायजा लिया। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के लिए छानबे विधानसभा से अपना दल एस व भाजपा के संयुक्त उम्मीदवार राहुल प्रकाश कोल, बहुजन समाज पार्टी के धनेश्वर गौतम, वीआईपी पार्टी की राधिका, मनरेगा वीआईपी पार्टी से रंग बहादुर और भारतीय किसान सेना लोकतांत्रिक पार्टी से राजकुमार सहित पांच उम्मीदवारों ने नामांकन किया। विधानसभा मीरजापुर से बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार राजेश कुमार पांडेय, आम आदमी पार्टी के सुरेश कुमार सिंह और नेशनल डेमोक्रेटिक पीपुल्स फ्रंट पार्टी के संतोष कुमार तमनन सहित तीन उम्मीदवारों ने नामांकन किया। विधानसभा मझवां से कांग्रेस पार्टी उम्मीदवार शिव शंकर चौबे, मनरेगा मजदूर पार्टी से कल्लू बिद, निर्दल सोहन लाल प्रजापति सहित तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया। समाज पार्टी प्रत्याशी जगदीश, सीपीआई पार्टी से सुरेश, निर्दलीय अरविंद सहित छह उम्मीदवारों ने नामांकन किया। अब तक 87 लोग ले चुके हैं फार्म विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार तक 87 लोग नामांकन फार्म ले चुके हैं। हालांकि बुधवार को महज छह लोगों ने ही नामांकन फार्म लिया। विधानसभा छानबे में 15, मीरजापुर में 17, मझवां में 21, चुनार में 16 और मड़िहान में 18 लोगों ने नामांकन फार्म लिया है। 49 उम्मीदवार कर चुके नामांकन विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के लिए बुधवार तक 49 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन फार्म जमा किया जा चुका है। बुधवार को छानबे में पांच, मीरजापुर में तीन, मझवां में तीन, चुनार में चार और मड़िहान में सर्वाधिक छह सहित कुल 21 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। अबतक विधानसभा छानबे में आठ, मीरजापुर में 19, मझवां में छह, चुनार में सात और मड़िहान में नौ सहित कुल 49 उम्मीदवार नामांकन कर चुके हैं।

## अनपरा की छठवीं इकाई हुई ट्रिप

**अनपरा (सोनभद्र) ।** 2630 मेगावाट क्षमता वाली अनपरा तापीय परियोजना की छठवीं इकाई बुधवार की शाम ट्रिप कर गई। परियोजना प्रबंधन के अनुसार कोई तकनीकी खराबी की वजह से इकाई बुधवार की शाम 5 बजकर आठ मिनट पर ट्रिप हो गई। अधिकारियों ने युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए इस इकाई को देर शाम तक लोड पर ले लिया। प्रदेश में बिजली की मांग यथावत बनी हुई है। बुधवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 18460 मेगावाट तथा न्यूनतम मांग 10048 मेगावाट के आसपास बना रहा। अनपरा की अन्य सभी इकाइ्यां मांग के अनुरूप संचालित होने से निगम का उत्पादन 3086 मेगावाट के आसपास बना रहा। अनपरा अ से 441 मेगावाट, ब से 896 मेगावाट, डी से 475 मेगावाट तथा लैंको परियोजना से 1117 मेगावाट बिजली ग्रिड को दी गई।

## हाई बोल्टेज तार की चपेट में आने से झुलसे

**अनपरा (सोनभद्र) ।** बीना पुलिस चौकी अंतर्गत बस स्टैंड पर बुधवार की शाम हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आने से दिव्यांग युवक गंभीर रूप से झुलस गया। बस स्टैंड पर एक दुकानदार अपने घर का निर्माण कार्य करा रहा था। ग्राम बांसी के एसआरटी निवासी 35 वर्षीय दिव्यांग विष्णु मजदूर के रूप में काम कर रहे थे। बस स्टैंड के ऊपर से 33 हजार केवी की लाइन गुजरी है। युवक लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप में झुलस गए। उन्हें गंभीर स्थिति में नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत के मामले में पति गिरफ्तार

**बीजपुर (सोनभद्र)।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत के मामले में पुलिस ने बुधवार को उसके पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपित पति का चालान कर जेल दिया। यह घटना थाना क्षेत्र के पिडारी गांव में हुई थी। बीते सोमवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत पिडारी गांव के जंगल में पेड़ से लटकता विवाहिता मंजू का शव मिला था। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ज्ञानेंद्र यादव एवं सीओ दुद्धी रामाशीष यादव ने मौका मुआयना कर जांच की। इस मामले में कई लोगों से पूछताछ की गई। मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने मंजू के पति रवन सिंह पुत्र पतिराज सिंह पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। मंजू की मां सीता कुंवर ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मंजू के पति रवन सिंह के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। मुखबिरों का जाल बुनकर गिरफ्तारी की कोशिश की। बुधवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे सेवका मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।

## गड़बड़ाधाम में हजारों की हाजिरी

**गड़बड़ाधाम (मीरजापुर) ।** हलिया क्षेत्र के गड़बड़ाधाम में बुधवार को माघ मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा एवं माघी पूर्णिमा होने के कारण 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई। मां शीतला का दर्शन-पूजन कर लोगों ने मंगल की कामना की। सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं के जयकारे व घंटा-घड़ियाल से मंदिर परिसर गूंजता रहा। बुधवार की भोर से ही दूर दराज से पहुंचे परिवार संग श्रद्धालुओं ने सेवटी नदी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मां के दर्शन के लिए कतारबद्ध हो गए। लगभग एक किमी की परिधि में कतार लगी रही। हाथों में नारियल, चुनरी, माला-फूल व प्रसाद लिए मां शीतला की एक झलक पाने के लिए धाम की ओर श्रद्धालु बढ़ रहे थे। पूरा परिसर माता के जयकारे से गूंजती रही। ब्लाक प्रशासन तथा ग्राम पंचायत की ओर से शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था न होने के कारण श्रद्धालुओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मंदिर प्रबंधक प्रकाशचंद शुक्ल ने बताया कि 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में मत्था टेका। दर्शन पूजन के बाद लोगों ने जमकर खरीदारी की। महिलाओं ने श्रृंगार के साथ बांस के बने बर्तनों की खरीदारी की वही बच्चों ने अपने लिए खिलौने आदि लिया। हलिया : क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव अदवां नदी के किनारे स्थित कनौठी आश्रम पर माघी पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं का सैलाब सुबह से ही उमड़ पड़ा और लोगों ने प्रसाद लिया। भक्त स्वामी जयशरन महराज के आश्रम पर पहुंचकर अदवा नदी में सनन कर महाराज के चरणों में मत्था टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अन्य देवालयों सहित आश्रम पर पहुंचकर भक्तों ने आशीर्वाद लिया।



## गंगा के आंचल से मां के आंगन तक आस्था का संगम

**मीरजापुर ।** माघी पूर्णिमा पर बुधवार को मां गंगा के आंचल से मां विध्यवासिनी के आंगन तक आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। गंगा तट पर मोक्ष की डुबकी को आस्था दौड़ती नजर आई। मां गंगा के आंचल में सिमटने को श्रद्धालुओं में होड़ मची रही। क्या बच्चा, क्या बुजुर्ग, क्या युवा, क्या महिलाएं, सबके सब पुण्य का प्रसाद लेने को आतुर दिखे। माघी पूर्णिमा पर आदिशक्ति मां विध्यवासिनी दरबार श्रद्धालुओं से पटा रहा। भोर की मंगला आरती के बाद से शुरू हुआ दर्शन-पूजन का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। गंगा सनन के बाद श्रद्धालु सीधे मंदिर की ओर पहुंच रहे थे। घंटा-घड़ियाल, शंख-नगाड़ा व माता के जयकारे से विध्यधाम गूंज उठा था। श्रद्धालु नारियल, चुनरी, माला-फूल प्रसाद के साथ कतारबद्ध थे। कोई झांकी तो कोई गर्भगृह से मां विध्यवासिनी का दर्शन-पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालु भव्य श्रृंगार के बीच मां का दर्शन पाकर भाव-विभोर हो उठे पर रहते हैं। दान, सनन, भजन और सत्संग वगैरह करते हैं। पूर्णिमा के दिन देव आखिरी बार सनन-दान आदि करते हैं। के भागी बने। साथ ही मंदिर परिसर पर विराजमान समस्त देवी-देवताओं को नमन किया। इसके बाद विध्य पर्वत पर विराजमान मां काली व मां अष्टभुजा का पूजन-अर्चन कर मंगलकामना की। नहीं मिलता मौका, माघी पूर्णिमा पर पूरी कर ली हसरत

## वर्तमान व दो पूर्व मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर

**सोनभद्र।** विधानसभा चुनाव में इस बार तीन मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर है। चारों सीटों पर इस बार कांटे की टक्कर है। सपा, भाजपा, बसपा व कांग्रेस ने चारों सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। देश के चार राज्यों की सीमाओं से घिरे यूपी के अंतिम छोर पर स्थित सोनभद्र में चारों विधानसभाओं पर इस बार कड़ा मुकाबला नजर आ रहा है। इस बार जिले में तीन मंत्रियों की भी प्रतिष्ठा दांव पर है। चारों विधानसभा में सपा, बसपा, कांग्रेस व भाजपा ने अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है देश के चार राज्यों की सीमाओं से घिरे यूपी के अंतिम छोर पर स्थित सोनभद्र में चारों विधानसभाओं पर इस बार कड़ा मुकाबला नजर आ रहा है। इस बार जिले में तीन मंत्रियों की भी प्रतिष्ठा दांव पर है। चारों विधानसभा में सपा, बसपा, कांग्रेस व भाजपा ने अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। समाजवादी पार्टी ने राबर्ट्सगंज से 2017 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे अविनाश कुशवाहा को मैदान में उतारा है। अविनाश 2012 में इसी सीट से विधायक चुने गए थे। घोरावल में भी सपा ने पूर्व विधायक रमेश चंद्र दुबे को अपना प्रत्याशी घोषित किया है, जबकि ओबरा में सुनील कुमार गोड़ व दुद्धी में पूर्व मंत्री व सात बार विधायक रहे विजय सिंह गोड़ को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने राबर्ट्सगंज विधायक रहे भूपेश चौबे पर एक बार फिर भरोसा जताया है जबकि घोरावल में भी विधायक रहे अनिल मौर्या को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। ओबरा में मंत्री रहे संजीव कुमार गोड़ को भी मौका दिया है। दुद्धी विधानसभा में इस बार भाजपा ने राम दुलारे गोंड के रूप में नए चेहरे को मौका दिया है। बहुजन समाज पार्टी ने राबर्ट्सगंज और घोरावल विधानसभा में नए चेहरों पर दांव आजमाया है। राबर्ट्सगंज विधानसभा से अविनाश शुक्ला तथा घोरावल विधानसभा से मोहन कुशवाहा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। दुद्धी से अपना दल एस और भाजपा गठबंधन से विधायक रहे हरिराम चेरो को प्रत्याशी घोषित किया गया है जबकि ओबरा विधानसभा से पूर्व मंत्री सुभाष खरवार को मैदान पर उतार कर चुनाव को और भी रोमांचक बना दिया है। इसी तरह कांग्रेस ने राबर्ट्सगंज विधानसभा से पार्टी के कार्यकर्ता कमलेश ओझा, घोरावल से राजघराने की बहू बिदेश्वरी सिंह राठौर, ओबरा विधानसभा से उम्भा कांड से चर्चा में आए रामराज गोड़ को अपना प्रत्याशी बनाया है, जबकि दुद्धी से पूर्व सांसद स्वर्गीय रामप्यारे पनिका की पतनी बसंती पनिका मैदान में है। जिले की चारों विधानसभाओं में सात मार्च को मतदान होना है। सभी पार्टियों नेजीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

## गुलजार रहे पार्टी कार्यालय, कलेक्ट्रेट मोड़ पर रही भीड़

**सोनभद्र।** विधानसभा चुनाव के तहत जिले में आखिरी चरण में मतदान होना है। पिछले तीन दिन कई प्रत्याशियों ने नामांकन किए। बुधवार को जब विभिन्न दलों के प्रत्याशी नामांकन करने निकले तो उनके पीछे पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों का हुजूम लगा रहा। प्रत्याशियों ने राबर्ट्सगंज नगर में जुलूस निकाला। इस दौरान जमकर नारेबाजी हुई। बुधवार को कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ रही। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राबर्ट्सगंज नगर स्थित शहर कार्यालय से प्रत्याशी के साथ जुलूस निकाला और वहां से पैदल उरमौरा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए पहुंचे। फिर वहां से प्रत्याशी कलेक्ट्रेट नामांकन के लिए रवाना हुए। भाजपा व सपा के कार्यकर्ता भी प्रत्याशियों संग कलेक्ट्रेट मोड़



तक गए। बसपा के प्रत्याशी के साथ कार्यकर्ताओं का हुजूम रहा। इससे कलेक्ट्रेट पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। पुलिस वाहनों को बारी-बारी से निकाल रही थी। बुधवार को ज्यादातर दलों के प्रत्याशियों के नामांकन के चलते राजनीतिक तापमान चढ़ा था। गुरुवार को नामांकन का आखिरी दिन है। ऐसे में नामांकन करने वालों की संख्या फिर ज्यादा हो सकती है। चौथे दिन ज्यादातर दलों व निर्दल प्रत्याशियों के नामांकन की उम्मीद से प्रशासन व पुलिस ने पहले से ही व्यवस्था मुकम्मल कर ली थी। कलेक्ट्रेट में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर आवागमन दुरूस्त रखने, जाम की समस्या से निजात के लिए भारी संख्या में फोर्स तैनात थी। चुर्क तिराहा स्थित सपा कार्यालय, उरमौरा में स्थित कांग्रेस कार्यालय व पुसौली में स्थित भाजपा कार्यालय पर पार्टी

## कोई करोड़पति तो कोई है लखपति

**मीरजापुर ।** विधानसभा चुनाव के लिए पर्चा दाखिले में प्रत्याशियों ने अपनी चल-अचल संपत्ति की घोषणा की। उनके शपथपत्र के मुताबिक कई प्रत्याशी असलहों के भी शौकीन हैं। विधानसभा छानबे से अपना दल सोनेलाल पटेल और भाजपा प्रत्याशी राहुल प्रकाश कोल के पास 29 लाख पांच हजार 612 रुपये की संपत्ति है, जबकि पतने के पास 17 लाख 542 रुपये हैं। इनके पास 100 ग्राम सोना और पतने के पास 150 ग्राम सोना और 1500 ग्राम चांदी है। राहुल प्रकाश के पास रायफल भी है। छानबे से बसपा प्रत्याशी धनेश्वर गौतम के पास हथियार नहीं है। इनके पास 15 लाख चार हजार 225 रुपये और 50 ग्राम सोना और पतने के पास 20 लाख 17 हजार रुपये और 100 ग्राम सोना है। मड़िहान से सपा व अपना दल कमेरावादी प्रत्याशी अवधेश कुमार सिंह के पास चार करोड़ 95 लाख 26 हजार 674 रुपये, चार लाख के सोने के आभूषण और दो किग्रा चांदी है, इनके पास एक रायफल भी है। उनकी पतने के पास 27 लाख 32 हजार 286 रुपये और 100 ग्राम सोना और एक किग्रा चांदी है। मड़िहान से कांग्रेस प्रत्याशी गीता देवी के पास एक लाख 89 हजार 618 रुपये तथा पति के पास सात हजार 55 रुपये है। इनके पास 10 ग्राम सोना है। कांग्रेस से चुनार प्रत्याशी व पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह पटेल की पतने सीमा सिंह के पास 14 लाख नौ हजार रुपये है। इनके पास 250 ग्राम सोने के गहने और एक किलो चांदी भी है, जबकि पति के पास 23 लाख 60 हजार रुपये है।

## कोरोना से नवजात की मौत, तीन संक्रमित मिले

**मीरजापुर ।** जनपद में बुधवार को कोरोना से एक नवजात शिशु की मौत हो गई, जबकि तीन लोग संक्रमित पाए गए। संक्रमित लोगों को होम आइसोलेट कराया गया। उनके स्वजन सहित जिले के 2145 संदिग्धों का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब को भेजा है। छह संक्रमितों की रिपोर्ट निगेटिव आने पर चिकित्सक ने उनको स्वस्थ घोषित कर दिया। अदलहाट निवासी एक महिला अपने मायके चंदौली जनपद के मुगलसराय गई थी। सात फरवरी को उसे प्रसव पीड़ा होने पर वहां के एक चिकित्सालय ले जाया गया। वहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। एक सप्ताह के बाद बच्चे की तबीयत खराब हुई तो उसे स्थानीय चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां से उसे 14 फरवरी को बीएचयू रेफर कर दिया गया। वहां कोरोना की जांच कराई गई तो बच्चा पाजिटिव पाया गया। बच्चे का इलाज बीएचयू में चल रहा था कि एक दिन बाद 15 फरवरी को ही उसने देर शाम दम तोड़ दिया। संक्रमित पाए गए लोगों में चुनार, कछवां व नगर का एक शामिल है। ठीक हुए लोगों में चुनार, कछवां, चील्ह, आवास विकास आदि स्थानों के महिला व पुरुष शामिल हैं।

## मंत्री सहित 19 प्रत्याशियों का नामांकन

**सोनभद्र।** विधानसभा चुनाव में बुधवार को 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान काफी गहमागहमी का माहौल रहा। नामांकन करने वालों में समाज कल्याण राज्यमंत्री व ओबरा



विधायक संजीव कुमार गोड़, पूर्व मंत्री विजय सिंह गोड़ व सुभाष खरवार भी शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी टीके शिबू ने नामांकन केंद्रों का जायजा लिया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 17 फरवरी को नामांकन का आखिरी दिन है। इस दिन भाजपा के प्रत्याशियों के साथ ही अन्य प्रत्याशी भी नामांकन दाखिल करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश सिंह ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन बुधवार को घोरावल विधान सभा के 5 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसमें भाजपा से डा.अनिल कुमार मौर्य, सपा से रमेश चंद्र, कांग्रेस से विदेश्वरी सिंह राठौर, सरिता सिंह व राजेश कुमार निर्दलीय शामिल हैं। विधानसभा घोरावल से कुल 9 लोगों ने 12 नामांकन पत्र खरीदा। विधानसभा राबर्ट्सगंज के 5 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसमें सपा से अविनाश कुशवाहा, विकासशील इंसान पार्टी से रोशन लाल यादव, राष्ट्रवादी पार्टी आफ इंडिया से हरेंद्र मिश्र, बसपा से अविनाश शुक्ल, कांग्रेस से कमलेश कुमार शामिल हैं। राबर्ट्सगंज सीट के लिए बुधवार को 9 लोगों ने 9 नामांकन पत्र खरीदा। ओबरा विधानसभा के लिए 4 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसमें सपा से अरविंद कुमार ऊर्फ सुनील गौड़, भाजपा से समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार, बसपा से दर्जा प्राप्त पूर्व राज्यमंत्री सुभाष खरवार, कांग्रेस से रामराज गोड़, शामिल हैं। यहां से 4 लोगों ने 5 नामांकन पत्र लिया। दुद्धी से सपा से विजय सिंह, निर्दलीय रामलाल, आल इण्डिया पीपुल्स फ्रंट कृपाशंकर, बसपा से हरीराम चेरो, कांग्रेस से बसंती पनिका ने नामांकन दाखिल किया। यहां से 5 लोगों ने 10 नामांकन पत्र लिया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी नामांकन प्रक्रिया का निरंतर जायजा लेते रहे और निर्वाचन से जुड़े संबंधित अधिकारियों व कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहें। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने भ्रमणशील रहकर निरीक्षण कर, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### सपा व अपना दल कमेरावादी समर्थकों ने कलेक्ट्रेट के बाहर किया प्रदर्शन

**मीरजापुर ।** विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन कड़ी सुरक्षा में हुआ। नामांकन के दौरान कुछ लोगों के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष और अपना दल एस के जिलाध्यक्ष के नामांकन स्थल पर प्रवेश किया।



इसके बाद समाजवादी पार्टी एवं कमेरावादी पार्टी समर्थकों ने जमकर बवाल मचाया। कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर घंटों धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया। समर्थकों का सवाल था कि भाजपा और अपना दल एस के जिलाध्यक्ष को प्रवेश दिया गया तो फिर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष को नामांकन के दौरान प्रत्याशी के साथ क्यों नहीं जाने दिया गया। आरोप लगाया कि जिला प्रशासन का यह रवैया दर्शाता है कि आने वाले समय में क्या रुख होगा। निर्वाचन आयोग से संबंधित अधिकारियों को हटाने की मांग की।

## वोट डालकर करें अच्छी सरकार का चयन : आयुक्त

**मीरजापुर ।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट से जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं सीडीओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने हरी झंडी दिखाकर वोट बारात रवाना किया। जिलाधिकारी ने आह्वान किया कि सभी लोग चुनाव के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करें। ज्यादा से ज्यादा वोट प्रतिशत को बढ़ाएं। मंडलायुक्त योगेश्वरराम मिश्रा द्वारा उत्साहवर्धन किया गया। कहा कि आप सभी लोग लोकतंत्र के इस पावन पर्व पर अधिक से अधिक वोट देकर एक अच्छी सरकार का चयन करें। यह हमारा अधिकार है। निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मताधिकार का प्रयोग करें। सीडीओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कार्यक्रम में सभी विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जन समुदाय से अपील की कि सात मार्च को पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करें। बारात कचहरी परिसर से संकट मोचन,



जिला अस्पताल, साईं चौराहा होते हुए घंटाघर पर समाप्त हुई। डीपीआरओ अरविंद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। वोट बारात में दिव्यांगजन आई कान के रूप में घोड़ा गाड़ी पर दूल्हे के रूप में पगड़ी लगाते हुए सवार थे। विंटेज कार के द्वारा मतदाता जागरूकता, मीरजापुर द्वारा तैयार किया गया गीत बज रहा था। जगह-जगह पर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा था। जगह-जगह पर लोगों ने आरती एवं पुष्प वर्षा कर वोट बारात के नेतृत्वकर्ता एवं बारातियों का स्वागत किया। डीसी विनोद श्रीवास्तव, पंचायती राज, शिक्षा, आईसीडीएस, स्काउट एवं गाइड आदि रहे।

# पहले टी20 में टीम इंडिया को लगे झटके, दूसरे मुकाबले में इन दो खिलाड़ी के खेलने पर संशय

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम इन दिनों खिलाड़ी की चोट से परेशान है। वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही टी20 सीरीज में टीम इंडिया को पांचवां झटका लगता नजर आ रहा है। सीरीज के पहले मैच के दौरान तेज गेंदबाज दीपक चाहर और आलराउंडर वेंकटेश अय्यर चोटिल हो गए। पहले ही टीम के तीन अहम खिलाड़ी केएल राहुल, अक्षर पटेल और वाशिंग्टन सुंदर चोटिल होकर सीरीज से बाहर हो चुके है कोलकाता के ईडेन गार्डन्स में खेले जा रहे टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार जीत के साथ 1-0 की बढ़त बनाई। तीन मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला एक दिन के अंतराल के बाद 18 फरवरी शुक्रवार को खेला जाना है। इस मैच से पहले भारतीय टीम को दो झटके लगे हैं। टीम के मुख्य तेज गेंदबाज दीपक चाहर चोटिल हो गए और अपना गेंदबाजी कोटा भी पूरा नहीं कर पाए। वेस्टइंडीज बल्लेबाजी के दौरान मैच के 19वें ओवर में कीरोन पोलार्ड के एक शॉट को रोकने की कोशिश में चाहर के दाएं हाथ में चोट लग




गई। चोट ज्यादा लगी थी जिसकी वजह से उनको इसके बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा। वह गेंदबाजी कोटा पूरा नहीं कर पाए और आखिरी ओवर हर्षल पटेल ने डाला। चाहर ने 3 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। वहीं आलराउंडर वेंकटेश अय्यर को भी फील्डिंग के दौरान ही चोट लगी। वेंकटेश वेस्टइंडीज की पारी के दौरान 17वें ओवर में पोलार्ड के ही एक शाट को रोकते हुए दाएं हाथ में चोट खा बैठे। वैसे इसके बाद वह मैदान पर बल्लेबाजी करने उतरे। 13 गेंद पर नाबाद 24 रन बनाए और छक्के लगाते हुए भारतीय टीम को मैच में जीत दिलाई। ओपनर केएल राहुल वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए दूसरे वनडे मैच में चोटिल होने की वजह से टी20 सीरीज से बाहर हैं। आलराउंडर अक्षर पटेल और वाशिंग्टन सुंदर भी सीरीज से पहले चोटिल होने की वजह से नहीं खेल रहे। रितुराज गायकवाड़ को राहुल की जगह जबकि दीपक हुड्डा को अक्षर की जगह टीम में चुना गया।

# डेब्यू मैच में रवि बिशन्नोई ने की शानदार गेंदबाजी, लेकिन फील्डिंग में कर दी बड़ी गलती

नई दिल्ली, आनलाइन डेस्क। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में बुधवार को टीम इंडिया और वेस्टइंडीज के बीच पहले टी-20 मैच में 21 साल के लेग स्पिनर रवि बिशनेई ने डेब्यू किया। मैच में उनका प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने काफी कसी हुई गेंदबाजी की और वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को खुलकर रन नहीं बनाने दिया। हालांकि, फील्डिंग में उन्होंने एक ऐसी गलती की जिसका उन्हें मलाल होगा। इसके अलावा इस मैच सबकुछ उनके पक्ष में रहा। उहोंने दो विकेट भी लिए। आइए नजर डालते हैं राजस्थान के जोधपुर के दाएं हाथ के इस गेंदबाज की पहले मैच में प्रदर्शन पर नजर। बिशनेई को साथी खिलाड़ी युजवेंद्रा चहल ने मैच से पहले कैप थमाई। मालूम हो कि बिशनेई आइपीएल के 23 मैचों में 24 विकेट चटका चुके हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में वह आठवें ओवर पहली बार गेंदबाजी करने आए। इस ओवर में उन्होंने दो वाइड समेत कुल चार रन दिए। इसके बाद वे 11वें ओवर में गेंदबाजी करने आए और दो विकेट झटके। रेट से 17 रन दिए और दो विकेट झटके। हालांकि, उन्होंने फील्डिंग में बड़ी चूक कर दी। यजुवेंद्रा चहल



सातवां ओवर करने आए। पहली ही गेंद पर निकोलस पूरन ने हवाई शाट खेला। लांग आफ पर खड़े बिशनेई ने पीछे की तरफ जाते हुए कैच पकड़ लिया, लेकिन वह खुद पर कंट्रोल नहीं कर पाए उनका पैर बाउंड्री से टच हो गया। ऐसे में पूरन को जीवनदान के साथ-साथ छक्का भी मिला। पूरन ने 43 गेंदों पर 61 रनों की पारी खेली। पांच छक्का और चार चौका लगाया।

उन्होंने ओवर की दूसरी गेंद पर रस्टन चेज को पवेलियन भेज दिया। चेज गुगली को पिक नहीं कर पाए और एलबीडब्लू हो गए। इसके तीन गेंद बाद ही रोवमैन पावेल को भी उन्होंने चलता कर दिया। पावेल छक्का लगाने के चक्कर में बाउंड्री पर वेंकटेश अय्यर हाथों कैच आउट हुए। रवि बिशनेई ने डेब्यू मैच में किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 4.2 की इकोनामी

# भारतीय अभियान का निराशाजनक अंत, रेस पूरी नहीं कर पाए आरिफ खान

**बीजिंग।** शीतकालीन ओलिंपिक खेलों में भाग ले रहे भारत के एकमात्र खिलाड़ी अल्पाइन स्कीयर आरिफ खान बुधवार को यहां पुरुषों की स्लैलम स्पर्धा में रेस पूरी नहीं कर पाए जिससे इन खेलों में देश के अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले के 31 वर्षीय आरिफ जाइंट स्लैलम में रविवार को 45वें स्थान पर रहे थे, लेकिन वह यांकिंग नेशनल अल्पाइन स्कीइंग सेंटर में स्लैलम स्पर्धा में पहली रेस ही पूरी नहीं कर पाए। शीतकालीन ओलिंपिक में पदार्पण कर रहे आरिफ पहली रेस पूरी नहीं कर पाने के कारण दूसरी रेस में भाग नहीं ले पाए। इस स्पर्धा में 88 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिनमें से केवल 52 ही रेस पूरी कर पाए जो दूसरी रेस में भाग लेंगे। आरिफ ने बहुत अच्छी शुरुआत की। उन्होंने पहले चरण को 14.40 सेकेंड और दूसरे चरण को 34.24 सेकेंड में पूरा किया, लेकिन अंतिम चरण को पूरा करने में नाकाम रहे। आस्ट्रिया के योहान्स स्ट्रोल्ज 53.92 सेकेंड के समय के साथ पहली रेस में सबसे



तेज स्कीयर थे। नार्वे के हेनरिक क्रिस्टोफर्सन (53.94 सेकेंड) और सेबेस्टियन फास सिलेवाग (53.98 सेकेंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।शीतकालीन ओलिंपिक की दो स्पर्धाओं के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय आरिफ ने जाइंट स्लैलम स्पर्धा में कुल दो मिनट 47.24 सेकेंड का समय निकाला था और वह 45वें स्थान पर रहे थे।

# भारतीय अभियान का निराशाजनक अंत, रेस पूरी नहीं कर पाए आरिफ खान

**बीजिंग।** शीतकालीन ओलिंपिक खेलों में भाग ले रहे भारत के एकमात्र खिलाड़ी अल्पाइन स्कीयर आरिफ खान बुधवार को यहां पुरुषों की स्लैलम स्पर्धा में रेस पूरी नहीं कर पाए जिससे इन खेलों में देश के अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले के 31 वर्षीय आरिफ जाइंट स्लैलम में रविवार को 45वें स्थान पर रहे थे, लेकिन वह यांकिंग नेशनल अल्पाइन स्कीइंग सेंटर में स्लैलम स्पर्धा में पहली रेस ही पूरी नहीं कर पाए। शीतकालीन ओलिंपिक में पदार्पण कर रहे आरिफ पहली रेस पूरी नहीं कर पाने के कारण दूसरी रेस में भाग नहीं ले पाए। इस स्पर्धा में 88 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिनमें से केवल 52 ही रेस पूरी कर पाए जो दूसरी रेस में भाग लेंगे। आरिफ ने बहुत अच्छी शुरुआत की। उन्होंने पहले चरण को 14.40 सेकेंड और दूसरे चरण को 34.24 सेकेंड में पूरा किया, लेकिन अंतिम चरण को पूरा करने में नाकाम रहे। आस्ट्रिया के योहान्स स्ट्रोल्ज 53.92 सेकेंड के समय के साथ पहली रेस में सबसे तेज स्कीयर थे। (53.94 सेकेंड) और सेबेस्टियन फास सिलेवाग (53.98 सेकेंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।शीतकालीन ओलिंपिक की दो स्पर्धाओं के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय आरिफ ने जाइंट स्लैलम स्पर्धा में कुल दो मिनट 47.24 सेकेंड का समय निकाला था और वह 45वें स्थान पर रहे थे।

# पहली बार कोई कैबिनेट मिनिस्टर रणजी टीम के प्लेइंग इलेवन में, मैदान पर उतर रचा इतिहास विशाल श्रेष्ठ

**कोलकाता।** क्रिकेट के जनक इंग्लैंड में भले ही यह खेल सज्जनों का खेल (जेंटलमैंस गेम) कहा जाता है, लेकिन भारत में इसकी शुरुआत राजे-रजवाड़ों के खेल के तौर पर हुई। देश के पहले प्रथम श्रेणी क्रिकेट टूर्नामेंट रणजी ट्राफी का नामकरण केएस रणजीत सिंह के नाम पर हुआ, जो नवानगर के महाराजा थे। 1934-35 में हुए पहले रणजी टूर्नामेंट की ट्राफी पटियाला के महाराजा भूपिंदर सिंह ने दान की थी। वक्त गुजरता गया, आज क्रिकेट राजे-रजवाड़ों के खेल से आम आदमी का खेल बन गया। हालांकि, रणजी ट्राफी खेलने वाले क्रिकेटरों की फेहरिस्त में कुछ मंत्रियों के नाम भी शामिल हैं। इनमें सबसे खास मनोज तिवारी हैं। मनोज देश के पहले ऐसे क्रिकेटर बने हैं, जो मंत्री रहते प्रथम श्रेणी क्रिकेट टूर्नामेंट में उतरे। 17 फरवरी को कटक के बाराबाती स्टेडियम में बड़ौदा के खिलाफ मैच खेलने के लिए उतरते ही वह यह कीर्तिमान अपने नाम किया। 36 साल के मनोज बंगाल के खेल राज्य मंत्री हैं। उन्होंने पिछले साल ही ममता सरकार में मंत्रिपद संभाला है। वैसे मनोज रणजी क्रिकेट में पहले से ही चिर परिचित नाम हैं। उन्होंने अपने डेढ़ दशक से भी लंबे करियर में रणजी ट्राफी के कई सत्र खेले हैं। मनोज ने अब तक 125 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिनमें 100 रणजी मैच शामिल हैं। प्रथम श्रेणी



क्रिकेट में उन्होंने 50.36 के औसत से 8,965 रन बनाए हैं, जिसमें 27 शतक और 37 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 303 रन का है। 2020 में रणजी ट्राफी जीतने वाली बंगाल टीम के वह अहम सदस्य थे। अब तक उन्होंने क्रिकेटर के तौर पर ही रणजी मैच खेले हैं, लेकिन इस सत्र में वह मंत्री के तौर पर भी खेलते नजर आएंगे। वैसे मनोज रणजी खेलने वाले बंगाल के पहले खेल राज्य मंत्री नहीं हैं। इससे पहले लक्ष्मी रतन शुक्ला भी रणजी खेल चुके हैं, लेकिन शुक्ला ने मंत्री बनने से पहले रणजी ट्राफी खेली थी। राजनीति में आने से पहले ही उन्होंने क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इससे इतर मनोज ने क्रिकेट व राजनीति, दोनों में अपनी पारी जारी रखने का मन बनाया है। वैसे केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी रणजी खेल चुके हैं। उन्होंने 2000-01 सत्र में हिमाचल प्रदेश की तरफ से जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी का एक मैच खेला था। उस मैच में उन्होंने कप्तानी भी की थी। अनुराग ठाकुर उस वक्त हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ के अध्यक्ष थे। रणजी ट्राफी से आइपीएस-आइएएस बनने वाले कई क्रिकेटरों के नाम भी जुड़े हैं, जिनमें अमय खुरसिया व जोगिंदर शर्मा उल्लेखनीय हैं। रणजी ट्राफी खेलने वाले क्रिकेटरों में मौजूदा दौर के कई राजनेता भी शामिल हैं, जिनमें नवजोत सिंह सिद्धू, मुहम्मद अजहरुद्दीन, गौतम गंभीर, कीर्ति आजाद, अशोक डिंडा समेत अन्य शामिल हैं।

# रिषभ पंत बने टी20 टीम के उप कप्तान, वेस्टइंडीज के खिलाफ मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज के मेजबानी की जिम्मेदारी कोलकाता को दी गई



है। सीरीज से पहले भारतीय टी20 टीम के उप कप्तान केएल राहुल चोटिल होकर सीरीज से बाहर हो गए। इस सीरीज के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत को यह बड़ी जिम्मेदारी दी गई। दिग्गज इस खिलाड़ी को भविष्य का कप्तान बता रहे हैं और सीरीज में उप कप्तानी दिए जाने से उनके आत्मविश्वास बढ़ेगा। वनडे सीरीज में वेस्टइंडीज का क्लीन स्वीप करने के बाद भारतीय टीम टी20 सीरीज में खेलने उतरी। सीरीज में उतरने से पहले भारतीय टीम चोटिल खिलाड़ी की वजह से परेशान नजर आई। टीम के उप कप्तान केएल राहुल, आलराउंडर अक्षर पटेल और वाशिंग्टन सुंदर चोट की वजह से सीरीज से बाहर हो गए। इसके बाद रितुराज गायकवाड, दीपक हुड्डा और कुलदीप यादव को टीम में बतौर रिप्लेसमेंट जगह दी गई। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले केएल राहुल के चोटिल होने की वजह से उनकी जगह टीम के उप कप्तान की जिम्मेदारी पंत को दी गई। पंत ने पिछले कुछ महीनों में दमदार प्रदर्शन के दम पर तीनों ही फार्मेट में वापसी की है। अब उनको कुछ दिग्गज टेस्ट के कप्तान के तौर पर भी देख रहे हैं। विकेट के पीछे से टीम के गेंदबाजों की मदद करने के साथ वह कप्तान रोहित शर्मा को भी कई अहम फैसले लेने में सलाह देते नजर आए हैं।

# IPL 2022: कोलकाता नाइटराइडर्स ने किया कप्तान का एलान, श्रेयस अय्यर को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने बुधवार को श्रेयस अय्यर को इंडियन प्रीमियर लीग 2022 सीजन के लिए कप्तान जैसी प्रतिष्ठित टीम का नेतृत्व करने का अवसर पाकर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। एक टूर्नामेंट के तौर पर आइपीएल विभिन्न देशों श्रेयस के खेल और उनकी कप्तानी कौशल का दूर से आनंद लिया है और अब मैं बारीकी से काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैं श्रेयस के




नियुक्त करने की घोषणा की। वह इंग्लैंड के खिलाड़ी इयोन मोर्गन की जगह लेंगे। टीम आइपीएल 2021 के फाइनल में पहुंचा थी, लेकिन चेनन्ई सुपकिंग्स से उसे हार का सामना करना पड़ा था। पिछले हफ्ते मेगा आक्शन में फ्रेंचाइजी ने दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को 12.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी कर चुके हैं। उनकी कप्तानी में टीम ने साल 2020 में शानदार प्रदर्शन किया था। टीम फाइनल चक पहुंची थी। केकेआर की कप्तानी स्वीकार करते हुए श्रेयस अय्यर ने कहा 'केकेआर और संस्कृतियों के सर्वश्रेष्ठ खिलडियों को एक साथ लाता है और मैं प्रतिभासाली लोगों के इस समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं। मैं इस टीम का नेतृत्व करने का मौका देने के लिए केकेआर के मालिकों, प्रबंधन और सहयोगी स्टाफ को धन्यवाद देना चाहता हूं और मुझे विश्वास है कि हम टीम के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सही संयोजन बना पाएंगे।' केकेआर के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा, 'भारत के भविष्य के नेतृत्वकर्ताओं में से एक श्रेयस को केकेआर का कप्तान बनाए जाने से मैं बेहद उत्साहित हूं।। मैंने खेल और उनकी कप्तानी के कौशल का दूर से ही लुत्फ उठाया है और अब मैं केकेआर की सफलता के लिए उनके साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हूं।' श्रेयस अय्यर (कप्तान), आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, वरुण चक्रवर्ती, नीतीश राणा, पैट कमिंस, शिवम मावी, शेल्डन जैक्सन, अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह, अनुकुल राय, रसिख डार, बाबा इंद्रजीत, चमिका करुणारतने, अभिजीत तोमर, प्रथम सिंह, अशोक शर्मा, सैम बिलिंग्स, एलेक्स हेल्स, टिम साउथी, रमेश कुमार, मोहम्मद नबी, उमेश यादव, अमन खान।

# भारत ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया, सीरीज में 1-0 से बनाई बढ़त

**नई दिल्ली।**टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को बुधवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में तीन मैचों की टी-20






सीरीज के पहले मैच में 6 विकेट से हरा दिया। टीम इंडिया ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 157 रन बनाए। टीम इंडिया को 158 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में भारत ने 18.5 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने ईशान किशन के साथ मिलकर टीम इंडिया को शानदार शुरुआत दिलाई। 7.3 ओवर में दोनों ने 64 रन जोड़े। पहला झटका रोहित शर्मा के तौर पर लगा। वह 19 गेंदों पर 40 रन बनाकर रस्टन चेज की गेंद पर आउट हुए। दूसरा झटका ईशान किशन के तौर पर लगा। चेज ने उन्हें 35 रन पर आउट किया। इसके अगले ही ओवर में विराट कोहली को 17 रन पर फैबियन एलन ने पवेलियन भेज दिया। रिषभ पंत को आठ रन पर शेल्डन काटरेल ने आउट किया। सूर्यकुमार यादव 34 और वेंकटेश अय्यर 24 रन बनाकर नाबाद रहे। अय्यर ने छक्का जड़कर जीत दिलाई। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले ही ओवर में टीम को झटका लगा गया। भुवनेश्वर कुमार ने ब्रेंडन किंग को 4 रन के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। टीम को दूसरा झटका काइल मेयर्स के तौर पर लगा। वह 31 रन बनाकर यजुवेंद्रा चहल की गेंद पर पवेलियन लौटे। तीसरा झटका रस्टन चेज के तौर लगा। रवि बिशनेई ने उन्हें 4 रन पर पवेलियन भेजा। इसके तुरंत बाद टीम को चौथा झटका लगा। रवि बिशनेई ने रोवमैन पावेल को दो रन पर पवेलियन भेज दिया। अकील होसेन को पांच रन पर आउट करके विंडीज को दीपक चाहर ने पांचवां झटका दिया। निकोलस पूरन को 61 रन पर आउट करके विंडीज को हर्षल पटेल ने छठा झटका दिया। ओडियन स्मिथ 20 वें ओवर की आखिरी गेंद पर 4 रन बनाकर आउट हुए। हर्षल पटेल ने उन्हें आउट किया। कीरोन पोलार्ड 24 रन बनाकर नाबाद रहे। रवि बिशनेई ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में दो विकेट झटककर अपनी छाप छोड़ी।

## राशिफल

**मेष-:** आज कोई लेन-देन सोच-समझकर करें। एक तरफा प्यार आपको निराश कर सकता है। नई योजनाएं आकर्षक होंगी और अच्छी आमदनी का जरिया साबित होंगी।

**वृष-:** आज भाग्य आपका साथ देगा। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। कार्यक्षेत्र में आज आपको दो गुना लाभ मिलने की संभावना है। निवेश करने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार कर लें तो बेहतर होगा।

**मिथुन-:** जीवनसाथी के मामले में बेवजह की टांगें लगाने से बचें. बेहतर होगा कि आप अपना खुद का व्यवसाय रखें। हस्तक्षेप कम से कम करें, अन्यथा यह निर्भरता का कारण बन सकता है।

**कर्क-:** आज के दिन किसी काम की तैयारी और शुरुआत करने से पहले तर्क की परीक्षा को गंभीरता से लेना सही रहेगा. संतान पक्ष से सहयोग की कमी रहेगी।

**सिंह-:** आज आपके परिवार में खुशियों की वृद्धि होगी. संतान की शिक्षा में उन्नति संभव है। माता-पिता का स्वास्थ्य आज बहुत अच्छा रहेगा। उनसे भी आपको पूरा सहयोग मिलने की उम्मीद है

**कन्या-:** आज का दिन विशेष है, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य आपको कुछ असाधारण कार्य करने की क्षमता देगा. आज आप ऊर्जा से भरे रहेंगे और यह संभव है कि अचानक आपको अनदेखा लाभ प्राप्त होगा।

**तुला-:** आज आपको शैक्षणिक कार्यों में सफलता मिलेगी. आज का दिन मौज-मस्ती और आनंद से भरा रहेगा क्योंकि आप जीवन को पूरी तरह से जीएंगे।

**वृश्चिक-:** छात्रों को सफलता के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ेगी. आपकी मेहनत भी रंग लाएगी। घर में सुख-सुविधाओं से जुड़ा कुछ नया सामान खरीदने की भी संभावना है।

**धनु-:** घृणा को दूर करने के लिए संवेदनशीलता का स्वभाव अपनाएं, क्योंकि घृणा की आग बहुत शक्तिशाली होती है और शरीर के साथ-साथ मन को भी प्रभावित करती है

**मकर-:** आज आप अपने कार्य संबंधी यात्रा की तैयारी करेंगे. यह यात्रा आपको सफलता दिलाएगी। आज आप नई योजनाएँ बनाएंगे। धन प्राप्ति संभव है।

**कुंभ-:** आज का दिन अच्छा रहेगा. आज किसी नए प्रोजेक्ट में अपनी ऊर्जा लगाएं, आपको दोगुना लाभ होगा। यदि आप सरकारी अधिकारी हैं तो आपके तबादले का योग बन रहा है।

**मीन-:** आज आप जीवन का आनंद लेने के लिए खुद को सहज और सही मूड में पाएंगे। दिन के दूसरे भाग में आर्थिक लाभ होगा। अपनी गोपनीय जानकारी अपने जीवनसाथी के साथ साझा करने से पहले अच्छी तरह सोच लें।

# सम्पादकीय

## दुनिया में वही समाज आगे बढ़ता है, जो समय के साथ प्रतिगामी प्रथाओं का परित्याग करता है

कर्नाटक के उडुपी शहर के एक सरकारी स्कूल से उभरे हिजाब विवाद को इस रूप में पेश करने के लिए अतिरिक्त मेहनत और शरारत की जा रही है कि भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर आफत आ गई है। जिन दिनों यह विवाद सुलग रहा था, उन्हीं दिनों यानी इसी 4 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए एक फैसले का संज्ञान लेना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि एक तो वह देश के सबसे लघु या कहें कि सूक्ष्म अल्पसंख्यक वर्ग-पारसी समुदाय से जुड़ा है और दूसरे इसलिए भी कि उससे यह पता चलता है कि परिपक्व एवंप्रगतिशील समाज किस तरह देश, काल और परिस्थितियों के हिसाब से अपनी पुरातन-प्रतिगामी परंपराओं में परिवर्तन करता है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में पारसी समुदाय की आबादी करीब 57 हजार है। 1941 में उनकी आबादी 1.14 लाख थी। पारसियों की आबादी तेजी से बढ़े, इसके लिए भारत सरकार का अल्पसंख्यक मंत्रालय 'जियो पारसी' नाम से एक योजना चला रहा है। इस योजना के चलते 2020 में जब यह आंकड़ा सामने आया कि पारसी समुदाय में 61 बच्चों का जन्म हुआ तो इसे एक उपलब्धि माना गया, लेकिन आज विषय यह नहीं कि यह योजना कितनी प्रभावी है विषय यह है कि जब कोरोना से जान गंवाने वालों के अंतिम संस्कार को लेकर प्रोटोकाल जारी हुआ तो मुख्यतः महाराष्ट्र और गुजरात में सीमित पारसी समुदाय के सामने संकट खड़ा हो गया। इसलिए खड़ा हो गया, क्योंकि यह समुदाय अपने लोगों के शव को एक ऊंची मीनार की छत पर रख देता है ताकि कौए, गिद्ध आदि उसका भक्षण कर लें और जो अवशेष रहे, वह सूर्य की गर्मी से सूख जाए। इस तरह की मीनार को 'टावर आफ साइलेंस' कहते हैं। कोरोना काल में यह खतरा उभर आया कि अगर कोविड से मरे किसी पारसी के शव को पक्षी खाएंगे तो वे संक्रमण फैलाएंगे। इसलिए गुजरात प्रशासन ने इस पर रोक लगा दी। पारसी समाज के लोग गुजरात हाईकोर्ट गए। वहां से उन्हें राहत नहीं मिली तो वे सुप्रीम कोर्ट आए, बिना यह शोर मचाए कि उन पर जुल्म हो रहा है या उनकी परंपराओं को खत्म करने की साजिश हो रही है। कोई पारसी न तो सड़कों पर उतरा, न किसी ने मुस्लिम नेताओं और मौलानाओं की तरह यह कहा कि हमारी परंपरा में हस्तक्षेप हुआ तो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे और न ही यह जिद की कि फैसला हमारे धर्मग्रंथ के हिसाब से ही हो। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान सालिसिटर जनरल को समस्या का कोई समाधान निकालने की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने पारसी समुदाय के लोगों से बात की और फिर उनकी सहमति से यह तय किया कि यदि उनके समाज का कोई व्यक्ति कोरोना से मरता है तो उसका शव टावर आफ साइलेंस पर तो रखा जाएगा, लेकिन टावर की ऊपरी सतह पर लोहे की एक जाली लगा दी जाएगी, ताकि पक्षी शव तक न पहुंच सकें। कायदे से देखें तो समस्या समाधान का यह उपाय पारसी समुदाय की सदियों पुरानी परंपरा में परिवर्तन का वाहक बना, लेकिन इस समुदाय ने हालात को समझते हुए इस बदलाव को स्वीकार कर लिया। सुप्रीम कोर्ट ने पारसी समुदाय की सराहना करते हुए मामले का निस्तारण कर दिया। देश इस सबसे इसलिए अनभिज्ञ सा रहा, क्योंकि न तो इंटरनेट मीडिया पर पारसी समुदाय के लोगों ने कोई अभियान छेड़ा और न ही एकाध लोगों को छोड़कर किसी ने यह कहा कि उनके संविधान प्रदत्त अधिकारों का हनन हो रहा है। दुनिया का कोई समाज ऐसा नहीं, जो प्रतिगामी या आज के युग की प्रतिकूल परंपराओं से न बंधा हो, लेकिन ज्यादातर समुदाय ऐसी परंपराओं को छोड़ रहे हैं। हिंदू समाज घूंघट प्रथा से करीब-करीब मुक्त हो रहा है। अभी चंद दिनों पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं विधायक संयम लोढ़ा ने घोषणा की कि उनकी विधानसभा की जिस ग्राम पंचायत में एक भी महिला घूंघट नहीं करेगी, उसे 25 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा। यह बात और है कि राहुल और प्रियंका ने हिजाब की पैरवी करना पंसद किया। शायद उन्होंने शाहबानो मामले में अपने पिता की गलती से कोई सबक नहीं सीखा। उनकी मर्जी। बात पारसी समुदाय की हो रही थी। पारसियों में यह प्रथा भी है कि यदि कोई पारसी लड़की अन्य समुदाय के किसी व्यक्ति से विवाह कर ले तो वह समाज का हिस्सा नहीं रह जाती। वास्तव में पारसियों की आबादी में कमी का एक कारण यह परंपरा भी है। समुदाय से बाहर विवाह करने वाली पारसी लड़कियों को अपने माता पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने की भी अनुमति नहीं दी जाती।

## हिजाब की आड़ में सुनियोजित साजिश इसका सुबूत है कि मोदी विरोधी उनके खिलाफ किसी भी हद तक जा सकते हैं

कर्नाटक के उडुपी से उठा हिजाब विवाद एक तरह से अंतरराष्ट्रीय रूप ले चुका है। जो दुनिया इससे पहले हिजाब से मुस्लिम महिलाओं को मुक्ति दिलाने का अभियान चला रही थी, उसे अचानक याद आया कि अरे हिजाब तो इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा है। हिजाब इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा हो या न हो, लेकिन मोदी सरकार को अस्थिर करने के षड्यंत्र का हिस्सा तो है ही। पिछले ढाई साल में यह तीसरी कोशिश है। मोदी देश में तो अपने राजनीतिक विरोधियों की आंखों की किरकिरी बने ही हुए हैं, अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एक हिस्से को भी वह रास नहीं आ रहे हैं। ये दोनों मोदी विरोधी ताकतें मिल गई हैं। दोनों का लक्ष्य एक ही है कि या तो मोदी कमजोर हों और उनके अनुसार चलें या फिर सत्ता से बाहर हो जाएं। चूंकि मोदी के खिलाफ कोई प्रभावी मुद्दा मिल नहीं रहा, इसलिए भारतीय जनतंत्र को एक अंधेरी गली में धकेलने का प्रयास हो रहा है, जहां अराजकता का बोलबाला हो। मोदी को पता था कि पहली कोशिश सैन्य ताकत के जरिये होगी यानी सीमा पर दबाव बनाकर। इसलिए प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही वह युद्धस्तर पर सेना को सुसज्जित करने और रक्षा उत्पादन के मामले में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के अभियान में जुट गए। इसके बाद मोदी विरोधियों की ओर से दूसरा रास्ता अपनाया गया-अराजकता और सांप्रदायिकता का। अराजकता के लिए पहला मुद्दा चुना गया नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए के विरोध का। मोदी विरोधी ताकतों की ओर से




अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने पर भी विचार हुआ, लेकिन शायद लगा कि इन दोनों मुद्दों पर कामयाबी कठिन होगी। दोनों ही मुद्दे दशकों से लोगों के मानसपटल पर थे और भाजपा के मूल मुद्दे रहे हैं। इसलिए सीएए का मुद्दा चुना गया। पूरी तैयारी करके दिल्ली में पहले अराजकता पैदा की गई, फिर दंगा कराया गया। इसके बाद कथित किसान आंदोलन के बहाने एक और कोशिश हुई। गणतंत्र दिवस पर लाल किले पर जो कुछ हुआ, वह सिर्फ और सिर्फ केंद्र सरकार के संयम के कारण भयानक त्रासदी में नहीं बदला। प्रधानमंत्री ने अपनी छवि पर धक्का लगने का जोखिम उठाकर भी उसे निपटा दिया। अफसोस की बात यह रही कि दोनों मुद्दों पर देश की सर्वोच्च अदालत अराजक तत्वों से सहमी हुई नजर आई। अब तीसरा वार हिजाब के नाम पर हो रहा है। इसके पीछे वही मानसिकता है, जिसने अकबर को सहिष्णु और शिवाजी को असहिष्णु बना दिया। हिजाब के बहाने हिंदुओं को असहिष्णु और मुसलमानों को पीड़ित बताया जा रहा है। जो तत्व यह सब कर रहे हैं, वे देश को जोड़ने की हर कोशिश के प्रति संदेह का माहौल बनाते हैं और तोड़ने वाले हर काम को कभी पंथनिरपेक्षता और कभी अल्पसंख्यकों के अधिकारों की चिंता के रूप में पेश करते है। याद कीजिए, किसान हित के नाम पर करीब एक साल तक दिल्ली की सीमा पर जो लोग सड़कों पर कब्जा करके बैठे रहे, उनके पक्ष में देश और विदेश में क्या-क्या नहीं लिखा गया? मोदी सरकार को हृदयहीन, किसान विरोधी, जनतंत्र विरोधी आदि करार दिया गया।जिन्होंने यह सब किया और जो कथित तौर पर मौलिक अधिकारों की चिंता में दुबले होते रहते हैं, उनके मुंह से कनाडा के ट्रक ड्राइवरों के समर्थन में एक शब्द नहीं निकला। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को कोई जनतंत्र विरोधी और फासिस्ट नहीं कह रहा। जस्टिन ट्रूडो किसान आंदोलन के समय भारत को जितना उपदेश दे रहे थे, वह सब हवा हो गया। कहावत है, पर उपदेश कुशल बहुतेरे, जे आचरहिं ते नर न घनेरे। जस्टिन ट्रूडो को अब समझ आ रहा होगा कि मोदी उनसे कितने बड़े और दूरदर्शी नेता हैं। दरअसल हिजाब, किसान और सीएए सब बहाना हैं। यह 2024 की तैयारी है। जो लोग 2014 और 2019 में मुंह के बल गिरे, वे मोदी सरकार के खिलाफ किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। इसके लिए वे मुसलमानों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्हें पता है कि मुसलमान 'इस्लाम खतरे में है' के नाम पर तुरंत मैदान में उतर आता है। दुनिया भर में फैले भारतीय मूल के तमाम लेखकों, समाजशास्त्रियों और पत्रकारों का एक वर्ग यह बताने में लगा हुआ है कि जाति के आधार पर भारतीय समाज में कितना शोषण होता है। मोदी को इसका अंदाजा था। इसलिए जातीय चेतना को मद्धिम करने के लिए उन्होंने राष्ट्रवाद को सशक्त करने और लाभार्थी वर्ग बनाने का रास्ता चुना। एक और तरीका है, जिसे उन्होंने गुजरात में आजमाया था। वह है शहरीकरण की रफ्तार बढ़ाना। हाईवे, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, रेलवे लाइन, बंदरगाह, जल परिवहन, मेट्रो और नगरीय रेल नेटवर्क का विस्तार जैसे तमाम काम आने वाले समय में शहरीकरण की रफ्तार को तेज करेंगे। शहरी जीवन में आकर व्यक्ति अपने जातीय आग्रह की जकड़न से निकलने लगता है। यह कोई सामान्य बात नहीं है कि कर्नाटक के एक जिले में उपजे हिजाब विवाद पर आर्गेनाइजेशन आफ इस्लामिक कोआपरेशन भी कूद पड़ा। भारत सरकार ने सख्ती से इसका जवाब दिया है। आपको सीएए, किसान आंदोलन और अब हिजाब मुद्दे के तार जुड़े हुए नजर आएंगे। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आता जाएगा, यह षड्यंत्र तेज होता जाएगा, क्योंकि इन अंतरराष्ट्रीय ताकतों को एक बात समझ में आ गई है कि भारत को कमजोर करना है तो मोदी को कमजोर करना पड़ेगा। मोदी इन ताकतों की भारत की डेमोग्राफी बदलने के रास्ते का भी बड़ा रोड़ा बन गए हैं। कोविड महामारी के बाद विश्व व्यवस्था में बदलाव आ रहा है। मोदी के नेतृत्व में भारत की भूमिका और बड़ी होने वाली है। भारत के उभार को रोकना अब कठिन है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की निरंतर बुलंद होती आवाज से बहुत सी ताकतों के पेट में दर्द हो रहा है। बाहर के दुश्मन से लड़ना अपेक्षाकृत हमेशा आसान होता है, बजाय अंदर के। इसलिए मोदी के सामने चुनौती बड़ी भी है और कठिन भी। इसलिए वक्त की जरूरत है कि देश भितरघातियों से सावधान रहे। भीतर का दुश्मन हमेशा दोस्त का चोला पहनकर आता है। जब तक आपको समझ में आता है, देर हो चुकी होती है।

## चीन को सही सबक सिखाने के लिए मोदी सरकार का 'डिजिटल स्ट्राइक' सुरक्षा में खतरा 54 चाइनीज ऐप पर बैन

भारत ने 54 और चीनी एप पर पाबंदी लगाने का जो फैसला किया, वह इसलिए आवश्यक था, क्योंकि इनमें से कुछ पहले ही प्रतिबंधित कर दिए गए थे, लेकिन वे नाम बदल कर फिर से आ गए थे। चूंकि चीनी कंपनियां इस तरह का छल आगे भी कर सकती हैं इसलिए भारत सरकार को सतर्क रहना होगा। चीनी एप न केवल देश की सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि उनमें से कुछ धोखाधड़ी का जरिया बनते हैं तो कुछ भारतीयों का डाटा चुराने का काम करते हैं। भारत अब तक करीब ढाई सौ चीनी एप प्रतिबंधित कर चुका है। चीनी एप के खिलाफ भारत की ताजा कार्रवाई के बाद यह कहना कठिन है कि चीन की सेहत पर कोई खास असर पड़ेगा। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि वह सीमा विवाद को लेकर अडियल रवैया अपनाए हुए है। उसके इसी अडियल रवैये का उल्लेख करते हुए गत दिवस मेलबर्न में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दो टूक कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जारी गतिरोध का मूल कारण चीन द्वारा लिखित समझौतों का उल्लंघन करना है। आस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह कहने में भी कोई संकोच नहीं किया कि जब कोई बड़ा देश लिखित प्रतिबद्धताओं को धता बताता है, तब पूरे विश्व समुदाय के लिए चिंता पैदा करता है। चीन एक अर्से से केवल भारत ही नहीं, बल्कि अन्य अनेक देशों के खिलाफ आक्रामक और अतिक्रमणकारी रवैया अपनाए हुए है। इसके अलावा वह जहां कई छोटे देशों को कर्ज के जाल में फंसाकर उन्हें एक तरह से अपना उपनिवेश बनाने में लगा हुआ है, वहीं पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल कर रहा है। यह ठीक है कि भारत समेत अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जापान की भागीदारी वाला संगठन क्वाड चीन की आक्रामकता का संज्ञान लेने में लगा हुआ है, लेकिन उसकी हरकतों की निंदा करने मात्र से काम चलने वाला नहीं है। इस संगठन को चीन की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। इस क्रम में भारत को अपने स्तर पर कुछ अतिरिक्त प्रयास भी करने होंगे। इस मामले में सबसे पहला काम चीन पर यद्यपि लद्दाख में चीनी सेना से खूनी झड़प और उसमें उसे सबक सिखाने के बाद भारत की ओर से ऐसे कई कदम उठाए गए, जिससे चीन पर आर्थिक निर्भरता कम हो, लेकिन अभी तक अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं।

## क्या एक के बाद एक नेताओं के पार्टी छोड़कर जाने से गांधी परिवार की सेहत पर कोई असर पड़ने वाला है

मनमोहन सरकार में कानून मंत्री रहे अश्विनी कुमार ने भी कांग्रेस छोड़ दी। अभी कुछ समय




पहले आरपीएन सिंह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए थे। इसके पहले जितिन प्रसाद भी इसी राह पर चले थे और ज्योतिरादित्य सिंधिया भी। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अमरिंदर सिंह को जिस तरह पंजाब के मुख्यमंत्री पद से हटाया गया, उसके बाद उनके सामने कांग्रेस छोड़ने के अलावा और कोई उपाय नहीं रह गया था। 46 वर्षो से कांग्रेस से जुड़े रहे अश्विनी कुमार ने पार्टी छोड़ने की घोषणा करने के बाद इसका उल्लेख भी किया कि अमरिंदर सिंह को बुरी तरह अपमानित किया गया। उनका यह भी कहना है कि कांग्रेस में अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपेक्षा हो रही है। यह उल्लेखनीय है कि अश्विनी कुमार जी-23 कहे जाने उस समूह का हिस्सा नहीं थे, जिसके नेता कांग्रेस नेतृत्व के तौर-तरीकों पर सवाल उठाते रहे हैं। वह तो गांधी परिवार के करीबी थे और जी-23 के नेताओं की ओर से उठाए जाने वाले कई मुद्दों से असहमत भी थे। उनके पार्टी छोड़कर जाने के बाद कांग्रेसजन यह कह सकते हैं कि वह व्यापक जनाधार वाले कोई बड़े नेता नहीं थे, लेकिन सवाल यह है कि आखिर पार्टी में ऐसे कितने नेता बचे हैं, जो बड़ा जनाधार रखते हैं? क्या एक के बाद एक नेताओं के पार्टी छोड़कर जाने से गांधी परिवार की सेहत पर कोई असर पड़ने वाला है कायदे से तो उसे उन कारणों की तह तक जाना चाहिए, जिनके चलते उसके नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं, लेकिन इसमें संदेह है कि ऐसा कुछ होगा। इसका एक कारण तो यह है कि आज कांग्रेस में उन्हीं का बोलबाला है, जो गांधी परिवार की चाटुकारिता करने में माहिर हैं और दूसरा यह कि खुद यह परिवार किसी राजघराने जैसा व्यवहार कर रहा है।

## आधुनिकीकरण के साथ पुलिस को जरूरी संसाधनों और सुविधाओं से लैस करने की प्राथमिकता

केंद्र सरकार ने पुलिस बल के आधुनिकीकरण की योजना जारी रखने का फैसला करते हुए इस मद में करीब 26 हजार करोड़ रुपये खर्च करने का जो प्रविधान किया, वह समय की मांग के अनुरूप है। इस योजना के तहत पुलिस को आधुनिक बनाने के साथ उसके कामकाज में सुधार पर भी ध्यान



केंद्रित किया जाएगा। इस क्रम में जम्मू-कश्मीर के साथ पूवरेत्तर राज्यों और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की पुलिस को आवश्यक संसाधनों से लैस करने पर विशेष बल दिया जाना स्वाभाविक है, लेकिन ऐसी ही आवश्यकता दक्षिण भारत के राज्यों में भी है, क्योंकि केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक आदि में अतिवादी संगठन न केवल सिर उठा रहे हैं, बल्कि उनकी गतिविधियां भी बढ़ती जा रही हैं। तथ्य यह भी है कि ऐसे अतिवादी संगठनों को बाहरी ताकतों का सहयोग-समर्थन मिल रहा है। ये वे ताकतें हैं, जो भारत को कमजोर करना चाह रही हैं। इसके लिए वे मतांतरण में लिप्त संगठनों से लेकर मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों की मदद करने में लगी हुई हैं। इन बाहरी ताकतों में कुछ ऐसी भी हैं, जो कथित तौर पर नागरिक अधिकारों और पर्यावरण जैसे मसलों की आड़ में भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने का इरादा रखती हैं। इसी कारण आंतरिक सुरक्षा के समक्ष खतरे बढ़ रहे हैं। चूंकि आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बने तत्व आधुनिक तकनीक से लैस होकर नित-नई चुनौतियां पेश कर रहे हैं इसलिए यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है कि हमारी पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ खुफिया तंत्र भी न केवल समुचित संसाधनों से सज्जित हो, बल्कि संख्या बल के अभाव से भी मुक्त हो। कर्मियों के हजारों पद रिक्त हैं। पुलिस बल को केवल आधुनिक तकनीक एवं संसाधनों से ही लैस नहीं होना चाहिए, बल्कि उसकी मदद के लिए उच्च गुणवत्ता वाली फोरेंसिक लैब भी विकसित की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त आपराधिक न्याय तंत्र को प्रभावी बनाने के साथ पुलिस कर्मियों को आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि वे काम के बोझ से मुक्त हो सकें।

## कोरोना की चुनौतियों के बावजूद आर्थिक मोर्चे पर तेज हुई सुधार की रफ्तार....

भारत द्वारा पिछले छह-सात वर्षो में कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए उठाए जा रहे कदमों के सार्थक परिणाम दिखने लगे हैं। हाल में प्रकाशित वैश्विक उद्यमिता निगरानी रिपोर्ट के अनुसार विश्व की उच्च, मध्यम और निमन-आय वाली 47 अर्थव्यवस्थाओं में नया कारोबार शुरू करने में आसानी के मामले में भारत चौथे स्थान पर है। यह रिपोर्ट उद्यमशीलता गतिविधि, उद्यम के प्रति दृष्टिकोण और स्थानीय उद्यमशीलता ईकोसिस्टम से संबंधित मापदंडों पर आधारित है। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग की डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा वैश्विक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 में भी भारत में बढ़ती कारोबार सुगमता को रेखांकित किया गया है। इसमें दुनिया की 143 अर्थव्यवस्थाओं की व्यापार पारदर्शिता, औपचारिकताएं, संस्थागत प्रविधान एवं सहयोग, कागज-रहित व्यापार जैसे मुख्य पैमानों पर पड़ताल की गई। इसमें कहा गया है कि कोरोना की चुनौतियों के बीच भारत ने डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा में अपनी स्थिति को काफी मजबूत किया है। इस सर्वेक्षण में भारत का स्कोर फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, नार्वे और फिनलैंड आदि कई देशों से ऊंचा रहा। भारत के लिए कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान सीमा शुल्क ढांचे में परिवर्तन के साथ-साथ फेसलेस, पेपरलेस और कांटेक्टलैस व्यवस्था के लिए उठाए गए उल्लेखनीय कदम निर्णायक साबित हुए। विश्व बैंक जैसी संस्था का भी मानना है कि भारत ने चार क्षेत्रों में बड़े सुधार किए हैं। इनमें पहला है कारोबार आरंभ करने में सहूलियत, दूसरा दिवालियापन का समाधान, तीसरा सीमा पार व्यापार



को बढ़ाना और चौथा कंस्ट्रक्शन परमिट्स में तेजी लाना। आर्थिक मोर्चे पर हुए ऐतिहासिक सुधार उत्तरोत्तर बढ़ती कारोबारी सुगमता की बड़ी वजह रहे हैं। इस दौरान देश में जीएसटी लागू हुआ। कारपोरेट कर में बड़ी कमी हुई। आयकर सुधार लागू हुए। आधार बायोमीटिक परियोजना के अलावा रेलवे, बंदरगाहों तथा हवाई अड्डों जैसी ढांचागत परियोजनाओं में तेजी आई। निवेश और विनिवेश के नियमों में परिवर्तन भी किए। करीब 1500 से ज्यादा पुराने और बेकार कानूनों को खत्म कर नए सरल कानून लागू हुए। साथ ही बढ़ती हुई डिजिटल अर्थव्यवस्था ने भी कारोबार को सुगम बनाया है। स्मार्टफोन, मोबाइल डाटा और ब्राडबैंड सस्ता होने से देश में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। विश्व प्रसिद्ध रेडसीर कंसल्टिंग की रिपोर्ट के मुताबिक 2019-20 में भारतीय डिजिटल भुगतान बाजार का आकार 2024-25 तक तीन गुने से भी अधिक बढ़ सकता है। डिजिटल सुगमता के कारण भारत फिनटेक क्रांति का नया गढ़ बन गया है। पिछले पांच वर्षो में भारत में करीब 2,500 फिनटेक कंपनियां उभरी हैं। ई-कामर्स में तेजी के आधार पर अनुमान है कि 2024 तक यह कारोबार 100 अरब डालर का दायरा पार कर सकता है। वर्क फ्राम होम और आउटसोर्सिंग को बढ़ावा मिलने से भारत की डिजिटल कारोबार सुगमता बढ़ी है। वैश्विक महामारी के दौर में लाकडाउन जैसी स्थितियों के कारण ई-कामर्स, डिजिटल मार्केटिंग, डिजिटल भुगतान, आनलाइन एजुकेशन तथा विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के डिजिटल होने से दुनिया की दिग्गज कंपनियां भारत में निवेश के लिए आगे आई हैं। ये कंपनियां कारोबारी सुगमता और नई प्रौद्योगिकी में संभावनाओं को देखते हुए भारतीय आइटी प्रतिभाओं के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने के लिए देश में ही अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर तेजी से बढ़ा रही हैं। भारतीय नवाचार एवं स्टार्टअप संस्कृति भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। रेडसीर के अनुसार भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था 2020 की तुलना में 2021 में 50 प्रतिशत बढ़ी, जो 2030 तक 1 लाख करोड़ डालर के स्तर तक पहुंच सकती है। हालिया बजट में भी इसे प्रोत्साहन देने के लिए कई उपाय किए गए हैं। खासतौर से डिजिटल मुद्रा की पहल डिजिटल अर्थव्यवस्था और फिनटेक क्षेत्र को और तेजी से आगे बढ़ाएगी। यह कोई छोटी बात नहीं कि कोरोना की चुनौतियों के बावजूद अर्थव्यवस्था और कारोबारी सुगमता बढ़ने से रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। 2021 में एक करोड़ 20 लाख नए लोग कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ के सब्सक्राइबर बने। ये सभी औपचारिक रोजगार से जुड़े हैं। इनमें से भी 60-65 लाख कर्मचारी 18 से 25 साल वाले आयुवर्ग के हैं। यानी पहली बार श्रम बाजार में दाखिल हुए हैं। रोजगार बढ़ने को लेकर ईपीएफओ का पैमाना सबसे विश्वसनीय माना जाता है। नैसकाम सहित अन्य संस्थाओं के आकलन यही बताते हैं कि कोरोना पाबंदी हटने के बाद रोजगार के अवसर बढ़े हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था में कई ऐसे नए रोजगार संभव दिख रहे हैं, जिनके बारे में पहले कल्पना भी नहीं की जाती थी। मैकेंजी का अनुमान है देसी डिजिटल अर्थव्यवस्था में वर्ष 2025 तक करीब छह से साढ़े छह करोड़ रोजगार के अवसर सृजित करने की क्षमता है। कारोबार को सुगम बनाने की इन उपलब्धियों के बीच कुछ चुनौतियां अभी भी कायम हैं। आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की रिपोर्ट के अनुसार देश में कारोबार से जुड़े 1536 कानूनों में आधे से ज्यादा में सजा के प्रविधान हैं। इन पर पुनर्विचार करना होगा। शोध एवं विकास, नवाचार, बौद्धिक संपदा जैसे मापदंडों पर तेजी से आगे बढ़ना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग बेटी से दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बनाने के दोषी पिता को दस साल की कैद

**अहमदाबाद।** शराब के नशे में अपनी ही नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बनाने के मामले में विशेष अदालत ने दोषी पिता को दस साल की कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दुष्कर्म पीडिता को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता के लिए राज्य सरकार को भी निर्देश दिया है। प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रंस फ्राम सेक्सुअल आर्फेंस (पाक्सो) स्पेशल कोर्ट के जज पीसी चौहान ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उसके 45 वर्षीय पिता को दोषी मानते हुए 10 साल की कैद की सजा सुनाई है। महानगर के ओढव इलाके में शराब के नशे में धुत्त आरोपित ने अप्रैल, 2017 में अपने ही घर पर नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। लहूलुहान हालत में पीडिता को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने इस तरह की वारदात के बारे में कुछ नहीं बताया था।गौरतलब है कि मार्च, 2020 में अहमदाबाद में एक पिता ने अपनी सात साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म कर फरार हो गया था। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने बच्ची को मेडिकल परिक्षण के लिए अस्पताल भेजकर आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया था। घटना सरखेज थाना क्षेत्र की है। महिला अपनी सात साल की बेटी के साथ सरखेज पुलिस थाने पहुंची। करीब दो माह बाद जब वह गर्भवती हो गई, तब उसने पुलिस को अपने पिता की इस हरकत की जानकारी दी। उसने बताया कि पिता ने उसके साथ दो बार दुष्कर्म किया था। विशेष अदालत ने दोषी पिता को दस साल की सजा सुनाई है तथा सरकार को दुष्कर्म पीडिता को दो लाख की आर्थिक सहायता देने का आदेश सुनाया है

# हरियाणाः स्थानीय लोगों को निजी क्षेत्र में मिलता रहेगा 75ज्ञ् आरक्षण, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के रोक वाले आदेश को रद किया

**नई दिल्ली।** हरियाणा के नागरिकों के लिए गुरुवार का दिन



राहत देने वाला साबित हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने आज हरियाणा सरकार के निजी क्षेत्र की नौकरियों में स्थानीय लोगों को 75 फीसद आरक्षण देने के फैसले पर रोक लगाने वाले पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश को रद कर दिया है। कोर्ट ने हाई कोर्ट को एक महीने के भीतर इस मुद्दे पर फैसला करने के लिए कहा है और राज्य सरकार को फिलहाल नियोक्ताओं के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया है। बता दें कि 3 फरवरी, 2022 को हरियाणा में स्थानीय उम्मीदवारों के रोजगार अधिनियम 2020 को चुनौती देने वाली एक रिट याचिका पर सुनवाई कर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कानून पर रोक लगा दी थी। गौरतलब है कि पंजाब हाईकोर्ट ने यह आदेश फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की रिट याचिका पर पारित किया था। इतना ही नहीं कोर्ट ने याचिका को स्वीकार करते हुए सरकार को एक नोटिस भी जारी किया था। बता दें कि यह कानून पिछले साल खट्टर सरकार ने नवंबर में अधिसूचित किया था और 15 जनवरी से यह लागू हो गया था। यह उन नौकरियों के लिए है जिनमें अधिकतम सकल मासिक वेतन या पारिश्रमिक 30,000 रुपये ही है।गौरतलब है कि इस कानून के तहत सभी कंपनियां, एलएलपी फर्म, समितियां, ट्रस्ट, साझेदारी फर्में और दस या अधिक व्यक्तियों को रोजगार देने वाला कोई भी नियोक्ता आते हैं। लेकिन इसमें केंद्र या राज्य सरकार या उनके स्वामित्व वाले किसी भी उपक्रम को शामिल नहीं किया गया है।

## नोएडा से अयोध्या के लिये बस सेवा शुरु

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** मोरना स्थित नोएडा डिपो से अयोध्या के लिए बस सेवा शुरू की गई है। करीब तीन दिन पहले बस चलाई गई है। इससे नोएडा से आयोध्या जाने वाले यात्रियों को काफी राहत मिली है। करीब 14 घंटे का सफर तय करके बस आयोध्या पहुंचती है। नोएडा से अयोध्या के लिए बस सेवा नहीं थी। जानकारी के मुताबिक सुबह छह बजे बस नोएडा से गाजियाबाद के कौशांबी डिपो में पहुंचती है। वहां से यात्री बैठाने के बाद बस नोएडा डिपो आती है और सुबह नौ बजे यमुना एक्सप्रेसवे के जरिए लखनऊ के रास्ते आयोध्या पहुंचती है। वहीं आयोध्या से नोएडा के लिए बस का समय सुबह छह बजे है। बस नोएडा डिपो पहुंचने के बाद कौशांबी जाती है।

## सेक्टर-100 के सेंचुरी अपार्टमेंट में प्लास्टर गिरा लोग सहमे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** सेक्टर-100 सेंचुरी अपार्टमेंट में बुधवार को सीढ़ियों का प्लास्टर टूट कर गिर गया। इससे सोसाइटी के लोग सहम गए। आरडब्ल्यूए ने प्राधिकरण से शिकायत की है। सोसाइटी को बने अभी 10 वर्ष भी नहीं हुए हैं। सोसाइटी में प्लास्टर गिरने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इससे सोसाइटी के लोगों की चिंता भी बढ़ती जा रही है। अपार्टमेंट के आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष पवन यादव ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा सोसाइटी का निर्माण 2010-11 में किया गया था। प्राधिकरण की फ्लैट निर्माण की यह अंतिम योजना थी। निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। इस वजह से ही सोसाइटी में प्लास्टर गिरने की घटनाएं हो रही हैं। इसके चलते लोगों ने टावरों के आसपास बच्चों के खेलने पर रोक लगा दी है। निवासी मदन शर्मा ने बताया कि सोसाइटी के टावर नंबर 43-44 की सीढ़ी का प्लास्टर गिरा है। सीढ़ी का प्लास्टर के अलावा टावर का मारवाल दाना भी छूटकर गिर रहा है। इससे लोगों को जानमाल की चिंता सता रही है।



## अब उददुत बचाएगा आपके पैसे खर्च पर लगाएगा लगाम, जानें कैसे

**नई दिल्ली।** क्या आपको मालूम है कि स्मार्टफोन से आपकी हर लोकेशन ट्रैक की जाती है। और फिर उसी हिसाब से आपको विज्ञापन दिखाया जाता है। लेकिन जल्द ही आपकी लोकेशन ट्रैकिंग को बंद किया जाएगा। दरअसल उददुत ने बुधवार को एंड्रॉइड



ऑपरेटिंग सिस्टम पर विज्ञापन ट्रैकिंग को सीमित करने का ऐलान किया है। जिससे यूजर्स को ना सिर्फ प्राइवेसी मिलेगी, बल्कि गैरजरूरी विज्ञापन से छुटकारा मिल जाएगा। बता दें कि गूगल की तरफ से पहले ही यूजर के लिए ऐड ट्रैकिंग फीचर को पेश कर दिया गया है. जिसे एंड्राइड डिवाइस के लिए लागू किया जाएगा। उददुत ने निजी विज्ञापन सॉल्यूशन पेश करने के मकसद से एंड्राइड प्राइवेसी पर गोपनीयता सैंडबॉक्स विकसित करने के लिए एक मल्टी ईयर योजना का ऐलान किया है। उददुत ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि वो विज्ञापन को लेकर नोटिसिफिकेशन्स भेजेगा। गूगल थर्ड पार्टी के साथ ऐड को सीमित कर देगा। साथ ही विज्ञापन आईडी सहित क्रॉस-ऐप की पहचान कर सकेगा। गूगल की साल के अंत तक प्राइवेसी सैंडबॉक्स बीटा लॉन्च करने की योजना है। इससे फेसबुक को 10 बिलियन डॉलर के नुकसान होने की उम्मीद है। साथ ही कई अन्य टेक कंपनियां को झटका लगेगा। उददुत ने कहा कि वह सैम्प और एक्टिविज़न ब्लिज़ार्ड जैसे ऐप निर्माताओं के साथ काम करेगा, जो थर्ड पार्टी ऐप की यूजर्स तक पहुंच को रोकेगा। साल 2023 के अंत तक अपने क्रोम ब्राउज़र में ट्रैकिंग तकनीक को खत्म कर देगा। बता दें कि दुनिया के ज्यादातर स्मार्टफोन, टैबलेल उददुत और के ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करते हैं। मतलब एंड्राइड या फिर यूजर्स होते हैं. ऐसे में ऐपल के बाद एंड्राइड डिवाइस पर विज्ञापन कम आने से यूजर्स गैरजरूरी खरीददारी नहीं करेंगे। मौजूदा दौर में बिना यूजर्स की इजाजत थर्ड पार्टी ऐप ढ़ेरों ऑफर और विज्ञापने देते हैं। इस तरह के विज्ञापन कई बार फ्रॉड की वजह बनते हैं। साथ ही ऑफर और विज्ञापन की वजह से यूजर्स एक्स्ट्रा खरीददारी कर लेते हैं।

## जिले में अनाथ बाल हितग्राहियों को निजी स्पॉन्सरशिप योजना से किया जा रहा है लाभान्वित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल ।** 17 फरवरी 2022- जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती शालिनी तिवारी ने जानकारी दी है कि कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में बाल संरक्षण योजना निधि स्पॉन्सरशिप के माध्यम से कोविड-19 से या अन्य कारणों से अपने माता-पिता एकल अभिभावक को खोने वाले अनाथ बाल हितग्राहियों को निजी स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिया जा रहा है एवं अनाथ बच्चों के पालन पोषण, शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु पात्रता अनुसार लाभान्वित किए जाने के लिए जिले में स्थापित इच्छुक एनजीओ, औद्योगिक इकाइयों, बैंकिंग संस्थाओं के सीएसआर फंड के माध्यम से अनुदान प्राप्त कर प्रतिमाह हितग्राही बालकों के खाते में राशि हस्तांतरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि रिलायन्स सीबीएम प्रोजेक्ट लालपुर शहडोल, साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड लि. सोहागपुर एवं विक्रम कोल प्रोजेक्ट बिरला कार्पोरेशन धनपुरी द्वारा 15-15 बच्चों हेतु 10 लाख 80 हजार




रूपये, ओरियन्ट पेपरमील अमलाई जिला शहडोल द्वारा 13 बच्चों हेतु 3 लाख 12 हजार रूपये, कैलाश सत्यार्थी फाउन्डेशन द्वारा 10 बच्चों हेतु 2 लाख 40 हजार रूप्ये, अल्ट्राटेक कोल प्रोजेक्ट विचारपुर द्वारा 8 बच्चों हेतु 1 लाख 92 हजार एवं म0प्र0 ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय शहडोल द्वारा 5 बच्चों हेतु 1 लाख 20 हजार रूप्ये की अनुदान राशि प्रदान की गई है।

## वप्पी लहरी आज अलविदा कह गये

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** भारत में डिस्को म्यूजिक को लोकप्रिय बनाने वाले संगीतकार और गायक बप्पी लहरी का आज मुंबई के क्रिटिकेयर अस्पताल में निधन हो गया। वह 69 वर्ष के थे। बप्पी दा के निधन की खबर पर किसी को भी यकीन नहीं हुआ। हर कोई यही सोचने लगा कि काश यह खबर गलत हो। लेकिन उनके निधन की पुष्टि होते ही फिल्म इंडस्ट्री से लेकर फैंस के बीच सननटा पसर गया। बप्पी दा ने 1970-80 के दशक के दौरान 'चलते चलते', 'डिस्को



डांसर' और 'शराबी' जैसी फिल्मों में कई सुपरहिट गाने दिए हैं। उनका आखिरी बॉलीवुड गाना 'भंकस' साल 2020 की फिल्म 'बागी 3' के लिए था। क्रिटिकेयर अस्पताल के निदेशक डॉ दीपक नामजोशी ने बताया कि लहरी पिछले एक महीने से अस्पताल में भर्ती थे। और सोमवार को उन्हें छुट्टी दे दी गई थी। लेकिन मंगलवार को उनकी तबीयत फिर बिगड़ गई और उन्हें दोबारा अस्पताल मे भर्ती कराया गया। उन्हें कई स्वास्थ्य समस्याएं थीं। उनकी मृत्यु ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया के कारण हुई है। बॉलिवुड में गायकों का एक अलग ही मुकाम रहा है हर गायक का एक अलग ही तरीका होता है। लेकिन कई बार इन्हीं गायकों में से कोई गायक अपना एक ऐसा स्थान बनाता है जो बाकियों से बिलकुल जुदा होता है। ऐसे ही गायकों में से एक थे।हमारे बप्पी दा यानि बॉलिवुड के पहले रॉक स्टार बप्पी लाहिड़ी। बप्पी लाहिड़ी ने बॉलिवुड में गीतों को पॉप का तड़का लगाया और भारतीय दर्शकों को एक नया स्वाद प्रदान किया। भारतीय संगीत जगत में एक समय ऐसा भी था जब बप्पी लाहिड़ी का नाम आते ही लोगों के जहन में झुमते हुए गानें और बेहतरीन म्यूजिक घुमता था। बप्पी लाहिड़ी और उनका सोने से प्यार बप्पी लाहिड़ी की एक और खासियत उनके गहने थे।गले में सोने की मोटी चेन और भारी-भारी अंगूठियां पहले बप्पी लाहिड़ी को देखने वाले सोने की दुकान तक कहते थे। लेकिन सच तो यह है कि बप्पी लाहिड़ी को सोने से बेहद लगाव था। और वह सोने को अपने लिए लकी मानते थे। बप्पी लाहिड़ी का निजी जीवन 27 नवंबर, 1952 को बप्पी लाहिड़ी का जन्म कोलकाता में हुआ था। वह एक धनाढ़्य संगीत घराने से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता अपरेश लाहिड़ी एक प्रसिद्ध बंगाली गायक थे।उनकी माता बांसरी लाहिड़ी भी बांग्ला संगीतकार थीं। बप्पी दा अपने माता पिता की अकेली संतान थे बचपन से ही उन्होंने विश्वप्रसिद्ध होने के सपने देखना शुरू कर दिया था। तीन साल की उम्र में तबला सीखने के साथ उन्होंने संगीत की शिक्षा लेनी शुरू की। संगीतकार किशोर कुमार और एस. मुखर्जी उनके संबंधी हैं । उन्होंने संगीत अपने माता पिता से ही सीखी और 19 साल की उम्र में पहली बार उन्हें बंगाली फिल्म में गाना गाने के लिए चुना गया था बप्पी लाहिड़ी का व्यक्तित्व बप्पी लाहिड़ी की बात हो और उनके स्टाइल पर नजर ना जाए ऐसा हो ही नहीं सकता। महंगे और सोने के गहने पहनने वाले बप्पी लाहिड़ी हमेशा रॉकस्टार की लुक में नजर आते थे। बातचीत के ढंग से भी वह एक ऐसा मिश्रण लगते थे। जिसमें भारतीय रंग रूप के साथ अधिक मात्रा में विदेशी फैशन हो उनके पहनावे में अधिकतर ट्रैकसूट या कुर्ता पायजामा होता था।इसके साथ ही बप्पी लाहिड़ी अपने धूप के चश्मों को गर्मी हो या सर्दी कभी नहीं छोड़ते थे। **कैरियर हिन्दी फिल्मों में** बप्पी लाहिड़ी 19 साल की उम्र में ही बॉलिवुड में नाम कमाने के लिए मुंबई चले गए थे।साल 1973 में उन्हें हिन्दी फिल्म नन्हा शिकारीङ्ग में गाना गाने का मौका मिल गया था। हालांकि उन्हें बॉलिवुड में असली पहचान 1975 की फिल्म जख्मी से मिली। इस फिल्म में उन्होंने मोहम्मद रफी और किशोर कुमार जैसे महान गायकों के साथ गाना गाया। इसके बाद तो जैसे बप्पी दा का गाना सबकी जुबान पर छाने लगा इसके बाद दौर आया बप्पी लाहिड़ी और मिथुन चक्रवर्ती की जोड़ी का। इस दोनों की जोड़ी ने बॉलिवुड में ऐसी धूम मचाई कि सब डांस और डिस्को म्यूजिक के दीवाने हो गए। उन्होंने मिलकर डिस्को डांसर, डांस डांस, कसम पैदा करने वाले जैसी फिल्मों को अपने गानों से ही हिट बना दिया था। हिन्दी सिनेमा में बिना हिन्दी से छेड़छाड़ किए बप्पी दा ने संगीत को नई दिशा दी।उन्होंने अपने एलबमों में अशोक कुमार और आशा भोसले की आवाज का बखूबी इस्तेमाल किया। एलिशा चिनॉय और ऊषा उथुप के साथ मिलकर उन्होंने कई हिट नंबर दिए। हालांकि उन पर कई बार विदेशी धुनों को भी चुराने का आरोप लगा पर उन्होंने आगे बढ़ने पर ही जोर दिया।1990 के दशक में बप्पी दा फिल्मों से पूरी तरह अलग होकर अपने एलबमों पर ही काम करने लगे थे बप्पी दा के कुछ खास गाने उनके हिट गानों में से कुछ खास निमन हैं -याद आ रहा है और सुपर डांसर (डिस्को डांसर), बॉम्बे से आया मेरा दोस्त (आप की खातिर), ऐसे जीना भी क्या जीना है (कसम पैदा करने वाले की), प्यार चाहिए मुझे जीने के लिए (मनोकामना), रात बाकी (नमक हलाल), यार बिना चैन कहां रे (साहब), ऊ ला ला ऊ ला ला (द डर्टी पिक्चर)।

# संत रविदास के विचारों को धरातल पर साकार कर रही भाजपा सरकार- विष्णुदत्त शर्मा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कंचन गुप्ता**

**कटनी(एमपी)।**संत रविदास जी जन्मोत्सव के पुण्य अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार जनकल्याण के अभियान में जुटी हुई है। पीडित मानवता की सेवा और समाज के वंचितों को आगे लाने का काम भाजपा की सरकार



कर रही है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को कटनी में संत रविदास जयंती पर आयोजित समारोह को संबेधित करते हुए कही। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सामाजिक उत्थान को सरकार ने मिशन बनाया! प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में शासन द्वारा प्रदेश भर में जिला केन्द्रों पर आयोजन हुए और पंचायत स्तर तक संत रविदास की जयंती मनी। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा इस कार्यक्रम की सफलता में जुटा रहा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सामाजिक उत्थान को मिशन बनाया है। वंचितों को उनके अधिकार मिले और सरकार की योजनाएं अंत तक पहुंचे। इस लक्ष्य के साथ सरकार अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी सदैव कर्म की प्रधानता को प्रमुखता देते थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संत शिरोमणि के महान विचारों को आत्मसात किया है। संत रविदास ने सामाजिक बुराइ्यों को दूर कर लोगों में अलख जगाई श्री शर्मा ने कहा कि देश को आजाद कराने में हमारे स्वतंत्रता सैनानियों का योगदान रहा है। इसी तरह सामाजिक आंदोलनों में हमारे संतों, महंतों और समाज सुधारकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। संत शिरोमणि रविदास महाराज ने समाज की बुराइ्यों को दूर कर शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए आमजन में अलख जगाई। उन्होंने समाज में सकारात्मक चेतना लाने का काम किया। समाजजनों के साथ किया समरसता भोज प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कार्यक्रम के पश्चात रंगनाथ मंदिर पहुंचकर संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष ने संत रविदास कल्याण समिति रंगनाथ मंदिर के सदस्यों एवं समाजजनों के साथ समरसता भोज किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी के सिद्धांतों का अनुसरण ही कि सामाजिक समरसता को अपने जीवन मे उतार कर हम समाजिक बदलाव ला सकते हैं। इसी समरसता का सन्देश हमें संत शिरोमणि ने दिया। श्री शर्मा ने कहा कि रविदास समाज के लोगों के साथ भोजन करना हमे गौरव प्राप्त कराता है। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री रामरतन पायल, विधायक श्री संजय पाठक, श्री संदीप जायसवाल, पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सुरेश सोनी, श्री पीताम्बर टोपनानी, अनुसूचित जन जाति के जिलाध्यक्ष इंजीनियर राजेन्द्र कोल, पूर्व पार्षद श्रीमती शोभा, संत रविदास कल्याण समिति रंगनाथ नगर अध्यक्ष श्री संतोष, श्री जितेंद्र सूर्यवंशी, श्री पुनन्लाल चौधरी, श्री रामू चौधरी, श्री बाल गोविंद चौधरी, श्री रसिया साकेत, श्री सूरज बली सोनी श्री कमलेश चौधरी सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खुशखबर : अब धर्मशाला में भारत-श्रीलंका के बीच टी-20 मैच देख सकेंगे दर्शक, मिली मंजूरी

26 व 27 फरवरी को क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में भारत और श्रीलंका के बीच होने वाले टी-20 मैचों का आनंद अब दर्शक भी ले सकेंगे। 50 प्रतिशत क्षमता के साथ लोग अपने पसंदीदा क्रिकेटरों के खेल का आनंद उठा पाएंगे। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) धर्मशाला के निदेशक संजय शर्मा ने बताया कि वर्तमान में धर्मशाला स्टेडियम में 22 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता की है जिसके चलते अब कोरोना नियमों का पालन करते हुए 11000 दर्शकों को मैच देखने की अनुमति होगी। बता दें कि एचपीसीए (हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन) के खूबसूरत स्टेडियम धर्मशाला में लंबे समय बाद इंटरनेशनल मैच होने जा रहा है। धर्मशाला में 26 व 27 फरवरी को भारत और श्रीलंका के बीच दो टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे। लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। तीन टी-20 मैचों की सीरीज का आगाज लखनऊ में 24 फरवरी से होगा।

## सेक्टर 71 शिव-शक्ति अपार्टमेंट में चोरी की गाड़ी बरामद हुई

नोएडा आवासीय कल्याण समिति शिव-शक्ति अपार्टमेंट सेक्टर 71 के आर डब्लूू ए अध्यक्ष जगदीश यादव (जग्गा )एवं समस्त कार्यकारिणी द्वारा समस्त सेक्टर



वासियों को अवगत कराया कि कल शाम को शिव शक्ति अपार्टमेंट सेक्टर 71 डी ब्लॉक में चोरी की गाड़ी बरामद की गई है। जो कि यमुना अथॉरिटी में कार्यरत कोई बिनोद नागर की गाड़ी डीएल3सीएटी8245 है बिनोद नागर ने बताया कि मेरी गाड़ी में जीपीएस लगा हुआ है और मेरी गाड़ी ग्रेटर नोएडा से चोरी हुई हैं जैसे कि मैंने जीपीएस चेक किया तो मेरी गाड़ी सेक्टर 71 की ओर जा रही थी और मैंने पुलिस कंट्रोल 112 को सूचना दी और मैं भी खुद 71 कीं ओर चला आया और हमारी गाड़ी सेक्टर 71 शिव-शक्ति अपार्टमेंट के डी ब्लॉक में मिली।मैं पुलिस प्रशासन और आवासीय कल्याण समिति के कार्यकारिणी सदस्यों का हार्दिक धन्यबाद करता हूँ आवासीय कल्याण समिति सेक्टर 71 के अध्यक्ष जगदीश यादव ,(जग्गा) ने बताया कि हमने 1 जनवरी 2022 से अपने सेक्टर निवासियों के वाहनों के लिए स्टिकर प्रणाली शुरू की थी। ताकि बाहर से कोई चोरी की गाड़ीऔर असामाजिक तत्व सेक्टर में प्रवेश ना कर सके। सिर्फ स्टिकर वाहन ही सेक्टर में प्रवेश कर सकें लेकिन कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा स्टिकर प्रणाली में व्यवधान उत्पन्न की गई।जिससे कि सेक्टर में स्टिकर प्रणाली लागू नहीं हो पायी लेकिन तुरन्त ही सेक्टर में स्टिकर प्रणाली शुरू करने का प्रयास किया जाएगा।

## राजसमंद में शराब के नशे में पति ने दिव्यांग पत्नी की निर्मम हत्या की

**उदयपु।** राजस्थान में राजसमंद जिले के तरसिंगड़ा गांव में शराब के नशे में एक व्यक्ति ने अपनी दिव्यांग पतनी के साथ इस कदर मारपीट की कि उसके शरीर की तीस हड्डियां टूट गईं। वह अपनी पतनी को तब तक पीटता रहा, तब तक उसने दम नहीं तोड़ दिया। पति ने महिला के गुप्तांग में लकड़ी का डंडा डाल दिया। आरोपित जब मृत पत्नी के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था तो पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटना का खुलासा हो गया। पुलिस महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए राजसमंद के आरके जिला अस्पताल लेकर पहुंची और पोस्टमार्टम किया गया तो डाक्टर्स भी हैरान रह गए। मारपीट के चलते महिला के शरीर में 30 फ्रेक्चर आ आरोपित ने महिला के गुप्तांग में लकड़ी का डंडा डाल दिया, जिससे उसे रक्तस्राव शुरू हो गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए आरोपित पति मिठुदास रंगास्वामी (36) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उप अधीक्षक बैनी प्रसाद मीणा ने बताया कि मिठुदास अपने घर पर शराब पी रहा था। किसी बात को लेकर उसका अपनी पतनी से झगड़ा हो गया। पड़ोसियों ने बताया कि आए दिन पति-पत्नी दोनों शराब पीकर झगड़ते रहते थे। जिसके चलते किसी ने उनके झगड़े को लेकर ध्यान नहीं दिया। था, तब पड़ोसियों को उसकी पत्नी की हालत संदिग्ध दिखाई दी। जिस पर पड़ोसियों के जरिए पुलिस को सूचना मिली। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो पति घबरा गया। पूछताछ के दौरान उसने बता दिया कि उसी ने अपनी पत्नी की हत्या की है पुलिस की पूछताछ से पता चला है कि आरोपित ने जिस महिला को हत्या की उसे वह तीन साल पहले मिला था। उदयपुर के मल्लातलाई में तीन बच्चों के साथ रहने वाली भील को वह नाते (अपने पति को छोड़कर किसी दूसरे व्यक्ति के साथ विवाहेतर संबंध था।

# ट्रक की चपेट में आने से चाचा-भतीजे की मौत

**उदयपुर।** राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में शादी से लौट रहे चाचा और भतीजे को ट्रक ने रौंद डाला। एक मृतक का शव टायर में इस तरह फंसा कि वह दो किलोमीटर तक सड़क पर घिसटता चला गया। हादसे के बाद नाराज ग्रामीणों ने ट्रक में आग लगा दी। इससे पहले उसका चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना बुधवार देर रात लगभग एक बजे की है। प्रतापगढ़-चित्तौड़गढ़ हाइवे पर चौकड़ी निवासी शंकरलाल (36) अपने भतीजे रमेश (34) के साथ प्रतापगढ़ जिले के मानपुरा कस्बे में शादी समारोह में भाग लेने आए थे। वहां से वह बाइक के जरिए अपने गांव लौट रहे थे, उसी दौरान बगवास मोड पर यह हादसा हुआ। यहां एक ट्रक ने उनको अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना गंभीर था कि दोनों की मौत मौके पर हो गई रमेश का शव ट्रक के टायरों के बीच इस कदर फंस गया कि ट्रक चालक उसे घिसटाता हुआ दो किलोमीटर तक ले गया। जब उसे इसका पता चला तो वह ट्रक को मौके पर छोड़कर भाग निकला। इस हादसे की जानकारी ग्रामीणों को लगी तो उन्होंने रात में ट्रक को घेरकर उसे आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने हाइवे पर यातायात अवरुद्ध कर दिया। इसके बाद जिला मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुलिस का जाप्ता लेकर मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों से समझाइश कर यातायात बहाल किया। प्रतापगढ़ कोतवाली के थानाधिकारी रविन्द्र




सिंह ने बताया कि नगर परिषद से फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया। हालांकि तब तक ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गया। ट्रक की चपेट में आने से उसमें बाइक भी फंस गई और उसी के साथ रमेश का शव घिसटता हुआ आया। आगजनी में बाइक भी जल गई, हालांकि ग्रामीणों ने आग लगाने से पहले रमेश के शव को वहां से निकाल लिया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# मलाइका अरोड़ा ने मनाया डॉगी 'कैस्पर' का बर्थडे हुईं ट्रोल, यूजर्स बोले- लोग भूखे मर रहे हैं और आप

**नई दिल्ली।** मालइका अरोड़ा इंटरनेट सेंसेशन हैं, वो अक्सर अपनी हॉट और सिंजलिंग तस्वीरें शेयर करती रहतीं हैं। कभी कोई योगा पोज तो कभी न्यू लुक मलाइका अपने फैंस को किसी भी तरह इंगेज रखने का हुनर जानतीं हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को फॉलो करने वाले जानते हैं कि वो अपने पेट कैस्पर से कितना प्यार करतीं हैं। बुधवार को मलाइका ने अपने प्यारे कैस्पर का बर्थडे सेलिब्रेट किया और ट्रोल्स के निशाने पर आ गईं। मलाइका अरोड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया। जिसमें उनके सामने एक केक है और बर्थडे बॉय हैं उनके प्यारे डॉगी कैस्पर। वीडियो में मलाइका को अपने डॉगी कैस्पर का 7वां बर्थडे सेलिब्रेट करते देखा जा सकता है। मलाइका ने सेलिब्रेशन के लिए कैस्पर का फेवरेट केक मंगवाया था और उन्हें गिफ्ट में भी उनका फेवरेट फ्लेवर दिया। इसके बाद मलाइका बड़े प्यार से कैस्पर को कहतीं हैं 'तुम सात साल के होग हो'। इस दौरान मलाइका ने सफेद पोल्का डॉट टॉप पहना हुआ था। पोस्ट के कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे कैस्पर'। मलाइका के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, चंकी पांडे की पतनी भावना पांडे ने लिखा, हैप्पी बर्थडे कैस्पर टू क्यूट, एक दिल वाले इमोजी के साथ। कुछ ही घंटों में इस वीडियो पर लाखों लाइक्स आ गए। तो वहीं मलाइका को ट्रोल भी किया गया। एक यूजर ने लिखा, इस देश में कुछ बच्चों को खाने को नहीं मिल रहा, आप कुत्ते का बर्थडे मना रहीं हैं, शर्मनाक। तो वहीं एक और ने लिखा 'काफी लकी कुत्ता है'। कुछ दिनों पहले ही मलाइका अरोड़ा ने अपने बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर को वेलेंनटाइन डे पर काफी स्पेशल मैसेज दिया था। मलाइका ने अर्जुन के लिए अपने प्यार का इजहार रोमांटिक तरीके से किया। मलाइका ने अर्जुन कपूर के साथ एक स्पेशल पोस्ट शेयर किया, उन्होंने अर्जुन को हग करते हुए एक फोटो शेयर की। फोटो में अर्जुन मलाइका के माथे पर किस करते हुए नजर आ आईं।



# 'मस्तराम' की एक्ट्रेस को मिल रही हैं दुष्कर्म की धमकियां, इस मशहूर सिंगर के फैंस पर लगाए ये गंभीर आरोप

**नई दिल्ली।** अपनी बोल्डनेस की वजह से हमेशा सुर्खियों में रहने वाली वेब सीरीज 'मस्तराम' की अभिनेत्री केनिशा अवस्थी को धमकियां मिल रही हैं। उन्हें सोशल मीडिया पर दुष्कर्म की धमकियां मिल रही हैं और अश्लील मैसेज भेजे जा रहे हैं। इस बात की जानकारी खुद केनिशा अवस्थी ने सोशल मीडिया के जरिए दी है। केनिशा अवस्थी सोशल मीडिया काफी सक्रिय रहती हैं। वह अक्सर अपने फैंस से जुड़े रहने के लिए खास तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। केनिशा अवस्थी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट के जरिए उन्होंने बताया है कि सिंगर और रैपर रफ्तार के फैंस उन्हें सोशल मीडिया पर धमकी भरे मैसेज कर रहे हैं। साथ ही उन्हें दुष्कर्म जैसे धमकियां भी दे रहे हैं। केनिशा अवस्थी ने अपने पहले पोस्ट में लिखा, 'रफ्तार के फैंस मुझे कल से परेशान कर रहे हैं जबसे मैंने उनसे ऊपर एमीवे को चुना है। मुझे इन लोगों की साइबर क्राइम में रिपोर्ट करनी है। दोस्तों बताएं मैं क्या करूं रफ्तार के इन जंगली फैंस का।' इसके बाद केनिशा अवस्थी ने एक और पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'मैं उन दुष्कर्म और अश्लील मैसेज से बहुत परेशान हूं जो मेरे कमेंट सेक्शन और इन बॉक्स में आ रहे हैं।' इसके अलावा उन्होंने और भी ढेर सारी अपनी पोस्ट में कही हैं। गौरतलब है कि केनिशा अवस्थी बेहद बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह अक्सर फैंस के लिए हॉट तस्वीरें और वीडियो भी शेयर करती रहती हैं। आपको बता दें कि केनिशा अवस्थी पहली बार वेब सीरीज हंसमुख में नजर आई थीं। इस सीरीज में उनके साथ अभिनेता वीर दास, रणवीर शौरी और रवि किशन जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। इस वेब सीरीज के बाद केनिशा अवस्थी को ओटीटी प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर की सबसे बोल्ड वेब सीरीज मस्तराम में देखा गया है। इस सीरीज में उन्होंने टीचर मिस रिटा का किरादर निभाया था। वेब सीरीज मस्तराम में केनिशा अवस्थी ने कई बोल्ड सीन दिए थे। इसके बाद केनिशा अवस्थी वेब सीरीज रक्तांचल में दिखाई दी थीं। इस सीरीज में भी उनके बोल्ड अंदाज ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं।



# अजय देवगन ने मुंबई में शुरू की 'दृश्यम 2' की शूटिंग, गोवा में होगा थ्रिलर फिल्म का अगला शेड्यूल, जानें- डिटेल्स

**नई दिल्ली।** 2013 में आयी दृश्यम हिंदी सिनेमा की कुछ बेहतरीन थ्रिलर फिल्मों में शामिल है। 2015 में आये इस फिल्म के हिंदी रीमेक में अजय देवगन ने लीड रोल निभाया था और फिल्म काफी सफल रही थी। दृश्यम का सीक्वल आने की चर्चा तो काफी वक्त से चल रही थी, मगर अब दृश्यम 2 की पुष्टि हो गयी है। अजय देवगन फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। हालांकि, पहली फिल्म के निर्देशक रहे निशिकांत कामत के निधन के बाद इस बार निर्देशन की कमान अभिषेक पाठक संभाल रहे हैं। दृश्यम 2 की कहानी पहली फिल्म की घटनाओं के सात साल बाद के कालखंड में स्थापित है। पहली फिल्म में दिखाया गया था कि विजय सलगांवकर अपने परिवार को बचाने के लिए एक फूलप्रूफ प्लान बनाता है और आईजीपी मीरा देशमुख (तब्बू) की यातनाओं के बावजूद सच का पता नहीं चल पाता। इस फिल्म में 2 अक्टूबर की कहानी काफी चर्चित रही थी और सोशल मीडिया में इसको लेकर मीम्स की बाढ़ आ गयी थी। जानकारी के मुताबिक, दृश्यम 2 में अजय देवगन के साथ इस बार फिर तब्बू, श्रिया सरन और इशिता दत्ता अपने-अपने किरदारों को दोहराते हुए नजर आएंगे। दृश्यम 2 की शूटिंग मुंबई में शुरू हो चुकी है। अगला शेड्यूल गोवा में बड़े पैमाने पर शूट होना है। अजय देवगन ने दृश्यम 2 को लेकर कहा, दृश्यम को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था और यह एक लीजेंड है। दृश्यम 2 के साथ अब मैं एक और दिलचस्प कहानी पेश करने को लेकर एक्साइटेड हूं। विजय एक मल्टीडाइमेंशनल कैरेक्टर है और स्क्रीन पर दिलचस्प नैरेटिव सेट करता है। अभिषेक पाठक के पास फिल्म के लिए एक फ्रेश विजन है। मुझे पार्ट 2 का बेसब्री से इंतजार है, जिसमें पिछली फिल्म की तरह मिस्ट्री और दिलचस्प कैरेक्टर्स हैं। अभिषेक ने फिल्म को लेकर कहा एक सफल फ्रेंचाइजी फिल्म का ऑफिशियल रीमेक बनाना सम्मान के साथ-साथ एक चुनौती है। टैलेंट के पावरहाउस अजय देवगन के साथ काम करने का मौका मिलना, किसी भी क्रिएटिव इंसान के लिए मोरल-बूस्टर है। फिल्म की सेटिंग और मूड इसे शुरू से ही दिलचस्प बनाता है। बता दें, मलयालम में दृश्यम का सीक्वल 2021 में आ चुका है, जिसमें मोहनलाल ने अपनी मुख्य भूमिका निभायी है। हालांकि, पैनडेमिक की वजह से फिल्म 19 फरवरी 2021 को अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की गयी थी।




# चेहरे से लेकर पैर तक बुरी तरह घायल नजर आईं सनी लियोनी वीडियो देख परेशान हुए फैंस

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री की हॉट एक्ट्रेस सनी लियोनी सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा एक्टिव रहने वाले सितारों में से एक हैं। काम के साथ सनी अपने फैंस के साथ जुड़े रहने का एक भी मौका हाथ से जानें नहीं देती हैं। वहीं सोशल मीडिया पर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े पोस्ट से लेकर पर्सनल लाइफ तक की फोटोज़ शेयर करने में सनी कभी पीछे नहीं हटती हैं। यही नहीं सनी अपने प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े पोस्ट भी फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। इसी बीच सनी के इस वीडियो ने फैंस को हैरान कर दिया है। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उनके शरीर पर कई सारे चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। यहां देखें वीडियो सनी लियोनी ने अपने इंस्टाग्राम आकउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि उनके फेस से लेकर पैरों तक काफी चोट दिखाई दे रही है। सनी की जींस फटी हुई है और घुटने में काफी गहरी चोट दिख रही है। वहीं उनकी जींस पर खून साफ दिखाई दे रहा है। इस दौरान उनके साथ एक महिला भी नजर आ रही है। इस वीडियो को देखने के बाद हर कोई हैरान नजर आ रहा है। अगर आप भी सनी के इस वीडियो को देखकर परेशान है तो हम आपको बता दें कि सनी पूरी तरह से ठीक हैं। ये सारी नकली हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए सनी ने कैप्शन में लिखा है, कुछ रोमांचक जल्द ही आ रहा है! इस कैप्शन से साफ पता चल रहा है कि ये उनके किसी आने वाले प्राजेक्ट का हिस्सा है। आपको बता दें कि सनी लियोनी को अक्सर अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताती नजर आती हैं। सनी अपने डांस के लिए भी जानी जाती हैं। वहीं सनी लियोनी 'बिग बॉस 5' का हिस्सा रह चुकी हैं। इसी दौरान ही उन्हों फिल्म 'जिस्म 2 के लिए ऑफर मिला था। इसी फिल्म के साथ ही सनी ने बॉलीवुड डेब्यू किया था।



# राखी सावंत के अलग होकर अब उनके पति रितेश लिया ये बड़ा फैसला सुनकर चौंक जाएंगी 'ड्रामा क्वीन'

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन और बिग बॉस' कंटेस्टेंट राखी सावंत हमेशा ही किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनीं रहती हैं। वहीं इनदिनों राखी पति रितेश संग अलगाव को लेकर काफी चर्चा में हैं। राखी ने हाल ही में पति रितेश के साथ अपने रिश्ते को खत्म करने का फैसला लिया है। इस बात की जानकारी खुद राखी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस को दी थी। हलांकि रितेश से अलग होने पर राखी काफी दुखी हैं। कई बार मीडिया के सामने अपना दर्द बयां करते हुए भावुक भी होती नजर आईं थीं। वहीं अब इस पूरे मामले में पहली बार रितेश का रिएक्शन सामने आया है। रितेश ने खुद पोस्ट के जरिए फैंस को बताया है कि वो अब एक बड़ा फैसला लेने जा रहे हैं।राखी सावंत के पति रितेश सिंह ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पुराना वीडियो पोस्ट किया है। ये वीडियो लेटेस्ट नहीं बल्कि थ्रोबैक है। इस वीडियो में रितेश के साथ राखी नजर आ रही हैं। वीडियो में आप देख सकते हैं कि रितेश और राखी पैपराजी के सामने डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'इन यादों को मिटाने की जरूरत है। रितेश का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर फैंस के काफी रिएक्शन आ रहे हैं। वहीं इस पर कमेंट कर यूजर्स अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। आपको बता दें कि कई बार रितेश पर लोगों ने आरोप लगाया कि वह सिर्फ फेम पाने के लिए राखी के साथ रिश्ते में थे और अब छोड़ दिया। इन आरोपों पर भी रितेश ने जवाब दिया है। साथ ही बताया कि उन्होंने राखी के लिए क्या-क्या किया है। रितेश ने लिखा, 'इंसान किसी को खुश करने के लिए क्या क्या करता है। एक कंप्यूटर इंजीनियर रातोंरात बिग बॉस में जाता है। एक्टिंग नहीं करता नेचुरल गेम खेलता है। ईमानदारी से गेम खेलता है। डांस भी पहली बार करता है, फिर भी बाहर हो जाता है। बाहर आकर भी हेटर्स की बकवास सुनता है। फिर वह हिम्मत करके कुछ -कुछ रील बनाता है फिर भी कोई खुश नहीं होता तो क्या गलती है। वहीं रितेश ने इस पोस्ट में आगे लिखा, 'मुझे फेम पाने का कोई शौक नहीं है। अगर होता तो दो साल पहले आ गया होता। इस फेम से मेरा घर नहीं चलता है। अब लोगों को खुश करना सीखना होगा। मुझे झूठा का दिखावा करना पड़ेगा। जिससे दिल ना मिले उससे झूठी स्माइल के साथ पार्टियों में मिलना पड़ेगा। मैं इतना फेक नहीं हूं।'



# तेजस्वी प्रकाश एक एपिसोड के लेती हैं इतनी मोटी फीस, जानिए बाकी एक्टर्स कितना करते हैं चार्ज

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने नागिन के छठे सीजन के साथ टीवी पर फिर वापसी की है। शो के सिर्फ दो ही एपिसोड टेलिकास्ट हुए हैं पर ये दर्शकों के बीच अभी से काफी पॉपुलर हो रहा है। कहानी में अभी तक कौन असली नागिन है इसका खुलासा नहीं हो सका है, पर तेजस्वी प्रकाश शो में लीड रोल प्ले कर रहीं हैं। बिग बॉस 15 जीतकर आने वाली तेजस्वी शो के मेकर्स से काफी मोटी रकम वसूल कर रहीं हैं। तो आइए जानते हैं कि नागिन 6 में किसकी कितनी फीस है। बॉलीवुड लाइफ की रीपोर्ट के अनुसार नागिन 6 में प्रथा नाम की मासूम सी दिखने वाली लड़की का किरदार निभाने के लिए तेजस्वी प्रकाश हर एपिसोड के लिए 2 लाख रुपए चार्ज कर रहीं हैं। बिग बॉस की विनर तेजस्वी से उम्मीद की जा रही थी वो काफी मोटी फीस लेती होंगाबि चुके सिंबा नागपाल शो में लीड किरदार निभा रहे हैं। वो नागिन प्रथा यानि तेजस्वी प्रकाश के अपोजिट हैं। रिपोर्ट की मानें तो सिम्बा भी एक एपिसोड के लिए 1 लाख रुपये ले रहे हैं। 'नागिन-6' में एक और इच्छाधारी नागिन बनकर सामने आने वालीं एक्ट्रेस महक चहल का अंदाज भी लोगों को काफी भा रहा है। इंटरनेट पर कुछ लोग उन्हें ही लीड किरदार बता रहे हैं। इनकी फीस भी कुछ कम नहीं है, एक्ट्रेस एक एपिसोड के लिए 1 लाख रुपए बतौर फीस ले कर रही हैं। टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस सुधा चंद्रन एक बार फिर से 'नागिन' सीरीज का हिस्सा बनी हैं। खबर है कि सुधा चंद्रन शो में तेजस्वी से भी ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेस हैं। सुधा को एक एपिसोड के 3 लाख रुपए दिए जा रहे हैं। इसी तरह शो में अदा खान 70, 000 रुपए पर एपिसोड चार्ज करतीं हैं। उर्वशी ढोलकिया 50 000 रुपए, आम्रपाली गुप्ता 75 000 रुपए, रवि गुप्ता 45,000 रुपए और सुदीप्त बनर्जी 60, 000 रुपए चार्ज कर रहे हैं।




# फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर की होगी मराठी रीति-रिवाज से शादी इस दिन बंधेंगे शादी के बंधन में

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता फरहान अख्तर और उनकी गर्लफ्रेंड शिबानी दांडेकर जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। दोनों पिछले 3 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इन दोनों की 21 फरवरी को सिविल सेरेमनी होने वाली है। लेकिन अब रिपोर्ट्स की माने तो सिविल सेरेमनी से पहले ये दोनों को महाराष्ट्रीयन रीति-रिवाजों के साथ शादी के बंधन में बंधने वाले है। इन दोनों की शादी फरहान अख्तर के खंडाला फार्म हाउस में शनिवार को होने वाली है। खबरों की माने तो इन दोनों की शादी काफी निजी होगी, जिसमें केवल उनके परिवार के सदस्य ही शामिल होंगे। हिंदुस्तान टाइम्स में छपी रिपोर्ट्स के मुताबिक 21 तारीख को सिविल शादी करने से पहले ये दोनों फरहान अख्तर के फार्म हाउस पर 19 फरवरी को मराठी रीति-रिवाज से शादी के बंधन में बंधेंगे। उनके करीबी सूत्रों की मानें तो फरहान अख्तर दांडेकर का परिवार इन दोनों की शादी को लेकर काफी सतर्क है। वह नहीं चाहते कि मीडिया किसी भी तरह से वेन्यू पर पहुंचें। इन दोनों की शादी में केवल उनके परिवार और करीबी लोगों को निमंत्रण भेजा गया है। हालांकि फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर की शादी के फंक्शन कैसे होंगे, यह अब तक क्लियर नहीं हो पाया है, लेकिन रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों की मराठी रीति-रिवाज से शादी होगी। रिपोर्ट्स की माने तो इन दोनों का परिवार 18 फरवरी की शाम को खंडाला के लिए रवाना होगा और इन दोनों की शादी का फंक्शन पूरे एक दिन तक चलने वाला है। खबर है कि शिबानी दांडेकर की बहन अनुषा दांडेकर और उनके करीबी दोस्तों ने बैचलर पार्टी और प्री-वेडिंग फंक्शन का जिम्मा अपने कंधों पर लिया है, जोकि 17 फरवरी और 18 फरवरी को होने वाले हैं। फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर पिछले तीन साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों अपने प्यार का इजहार करने से बिलकुल भी नहीं कतराते हैं। सोशल मीडिया पर अक्सर दोनों अपनी रोमांटिक तस्वीरें शेयर करते हैं। आपको बता दें कि फरहान अख्तर पहले से ही शादी-शुदा हैं और उनके पहली पतने अधुना अख्तर से 2 बच्चे हैं। अधुना अख्तर और फरहान अख्तर की शादी साल 2000 में हुई थी, लेकिन शादी के 17 साल के बाद दोनों अलग हो गए। साल 2019 में शिबानी दांडेकर फरहान अख्तर की जिंदगी में आई और कई सालों तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद अब दोनों शादी करने जा रहे हैं।



# हुनरबाज के सेट पर रोहित शेट्टी ने किया मिथुन चक्रवर्ती को टीज शर्म से लाल हो गए डिस्को डांसर

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर मिथुन चक्रवर्ती इन दोनों कलर्स के शो 'हुनरबाज' में जज की कुर्सी संभालते हुए नजर आ रहे हैं। उनके साथ परिणीति चोपड़ा और करण जौहर इस शो को जज कर रहे हैं। इस हफ्ते शो में निर्देशक रोहित शेट्टी मेहमान बनकर आ रहे हैं।



हाल ही में मेकर्स ने अपने इस टैलेंट शो का एक प्रोमो जारी किया, जिसमें रोहित शेट्टी मिथुन चक्रवर्ती की खिंचाई करते हुए नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि मिथुन दा और रोहित शेट्टी के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है। मिथुन चक्रवर्ती रोहित शेट्टी की फिल्म में काम कर चुके हैं। मेकर्स द्वारा शेयर किए गए इस प्रोमो में लेडी कंटेस्टेंट्स का एक ग्रुप मिथुन चक्रवर्ती के लिए बड़े ही प्यार से अपने हाथो से खाना बनाकर उन्हें खिला रहा है। जिसे देखने के बाद मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि ये प्यार कम नहीं होना चाहिए। मिथुन दा की ये बात सुनने के बाद रोहित शेट्टी ने गाना-गाना शुरू कर दिया। जिसके बाद पीछे से कंटेस्टेंट ने पूछा कि दादा ने हमें मिस किया। जिसका जवाब देते हुए मिथुन ने कहा कि परफॉर्मेंस देखते हैं, लेकिन रोहित शेट्टी ने बीच में ही उनकी बात काट दी और कहा कि यहां से कोई जाना नहीं जब तक वह हां नहीं बोलते हैं'। रोहित शेट्टी यही पर शांत नहीं हुए। उन्होंने मिथुन चक्रवर्ती की खिंचाई करते हुए कहा, 'दादा ब्रुश कर रहे हैं। इसके बाद रोहित शेट्टी ने मिथुन दा की तरफ देखा और कहा कि दादा आप शर्म से लाल हो गए हो'। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'कंटेस्टेंट का ये प्यार भरा जेश्चर देखकर मिथुन दा हुए खुश, कुछ ऐसे ही पलों से भरा होगा वीकेंड का ये मनोरंजक एपिसोड'। हुनरबाज को जहां करण जौहर, परिणीति चोपड़ा और मिथुन चक्रवर्ती जज कर रहे हैं। तो वहीं दूसरी तरफ भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया शो के होस्ट हैं।


स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com



नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।